प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



एनडीए के लिए बिहार विधान परिषद चुनाव बड़ी चुनौती! पेज- 2

दहेज हत्या के मामले में दोषी महिलाओं को उम्रकैद की सजा पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 165 | शनिवार 06 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# दिग्विजय सिंह का पीएम मोदी को पत्र

## -नीट-एनटीए मामले पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग

(एजेंसी) भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ दिग्विजय सिंह ने नीट–यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक के मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने एनटीए की ओर से आयोजित परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक या अनियमितताओं की घटनाओं पर आवश्यक कदम उठाने के साथ ही श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा प्राधिकरण (एनटीए) द्वारा 3 मई को आयोजित की गई नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को रद्द कर दिया गया था, जिसकी जांच अब सीबीआई कर रही है। यह परीक्षा 21 जून को फिर से होगी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने नीट परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों की पीड़ा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि लाखों छात्र भारी दबाव में हैं, व्यवस्था में उनका विश्वास मजबूत करना जरूरी है। मैं एक बहुत ही जरूरी चिंता व्यक्त करने



के लिए आपको पत्र लिख रहा हूं, जो पिछले कुछ हफ्तों में कई छात्रों ने मुझसे किए हैं। ऐसे समय में जब नीट–यूजी 2026 परीक्षा रद्द हो गई है, इससे लाखों छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा है। उनके तनाव का मुख्य कारण पिछले प्रश्नपत्रों के लीक होने के मामले की जांच कैसे की गई है। इस बारे में स्पष्टता का अभाव है। प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र में दिग्विजय सिंह ने कहा कि फिलहाल प्रश्नपत्र लीक से संबंधित मामलों पर सीबीआई, केंद्र और राज्य सरकारों की अन्य जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही कार्रवाई का कोई समेकित सार्वजनिक रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। आधिकारिक जानकारी के अभाव में कई रिपोर्टें और अफवाहें सामने आई हैं जिन्होंने उनकी जगह ले ली है। उन्होंने कहा कि मुझे बार–बार यह शिकायत मिली है कि हजारीबाग में हुए नीट–यूजी 2024 के पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी संजीव कुमार उर्फ मुखिया कथित तौर पर जमानत पर बाहर है। इसी तरह, सीबीआई ने कथित तौर पर एक क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है, जिसमें कहा गया है कि 2024 की यूजीसी–नीट परीक्षा में कोई अनियमितता नहीं हुई थी, जिसे राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने उस समय रद्द कर दिया था। सीबीआई की रिपोर्ट पर दिल्ली की एक अदालत द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब दिल्ली की एक अदालत ने सीबीआई से अपनी क्लोजर रिपोर्ट के लिए लिखित स्पष्टीकरण मांगा, तो सीबीआई ने और समय मांगा। सीबीआई द्वारा स्पष्टीकरण देने में देरी से छात्रों के बीच भी नकारात्मक संदेश गया। भारत के छात्रों को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन की क्षमता और तत्परता में नए सिरे से विश्वास जगाने के लिए भारत सरकार एक श्वेत पत्र जारी करे, जिसमें पिछले आठ वर्षों में एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में हुई पेपर लीक या अनियमितताओं की घटनाओं की सूची दर्ज हो। उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र में एनटीए और जांच एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई की सूची भी होनी चाहिए, जिसमें प्रत्येक जांच के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम शामिल हों। चाहे वह चल रही हो या पूरी हो चुकी हो और क्या जांच एजेंसी द्वारा आरोपपत्र या समापन रिपोर्ट दायर की गई है। इसमें यह भी बताया जाना चाहिए कि क्लोजर रिपोर्ट क्यों दाखिल की गई होगी और साथ ही हर आरोपी की स्थिति रिपोर्ट और उनकी वर्तमान स्थिति (मुकदमा चल रहा है, जमानत पर है, दोषी ठहराया गया है आदि) भी दी जानी चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रधानमंत्री इस विषय की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाएंगे और देश के विद्यार्थियों को स्पष्ट एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

# बदरीनाथ यात्रा के दौरान टेंपो ट्रेवलर पलटा, महिला की मौत, 17 लोग घायल, राहत कार्य जारी

(एजेंसी) गोपेश्वर। उत्ताराखंड के चमोली जिले में शुक्रवार तड़के तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ जा रहा एक टेंपो ट्रेवलर सड़क पर पलट गया जिससे उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला की मौत हो गयी तथा 17 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, घटना करीब पांच बजे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ज्योतिर्मठ के पास पैनी गांव में हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और बचाव एवं राहत अभियान चलाया। घायलों को उपचार के लिए ज्योतिर्मठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतका की पहचान गाजियाबाद के इंद्रापुरम की रहने वाली अन्ना मक्कड़ (45) के रूप में हुई है जबकि उनकी बेटी मिताली मक्कड़ (18) हादसे में घायल हुई है। अन्य घायलों में दिल्ली के बुराड़ी के एक



परिवार के आठ सदस्य भी शामिल हैं जिनकी पहचान मोहित अग्रवाल (48), उनकी पत्नी शिवानी (46), बेटियांकृआकृति (18) और आशी (14), उनका भाई रोहित अग्रवाल (49), उनकी पत्नी जसमीत (44) और उनके बच्चे अभिनव (20) एवं लिपाक्षी (16) के रूप में हुई है। इसके अलावा, दुर्घटना में हरियाणा के फरीदाबाद निवासी विशाल शर्मा (46), उनकी पत्नी पूनम (45), उनका बेटा रायव (19), नोएडा के रहने वाले अंकुर गुप्ता (43), उनकी पत्नी अर्शी (41), उनकी बेटी अर्हिता गुप्ता (नौ माह) तथा हिमाचल प्रदेश के सोलन की रहने वाली निधि जिंदल (44) घायल हो गए हैं। घायलों में दिल्ली के बुराड़ी का रहने वाला चालक दलजीत वर्मा भी शामिल है।

# बिहार में बड़ा फैसला, लालू-राबड़ी की जेड सुरक्षा समाप्त, तेजप्रताप की वाई श्रेणी हटाई

(एजेंसी) पटना। बिहार सरकार ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को प्रदान की गई जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। साथ ही, पूर्व विधायक तेजप्रताप यादव की वाई श्रेणी की सुरक्षा भी हटा दी गई है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद मीसा भारती और तेजस्वी की पत्नी राजश्री यादव की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था यथावत रखी गई है। राज्य के गृह विभाग ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को आदेश जारी किया। सरकार ने कहा कि यह निर्णय चार जून को हुई राज्य सुरक्षा समिति की बैठक की अनुशंसाओं के आधार पर लिया गया है। आदेश में बिहार पुलिस मुख्यालय और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई सुरक्षा व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को दी गई जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा समाप्त कर दी गई है। हालांकि, दोनों पूर्व मुख्यमंत्री हैं और उन्हें इस लिहाज से बिहार सरकार के एक अलग कानूनी प्रावधान



के तहत सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। आदेश के मुताबिक, राबड़ी देवी को बिहार सरकार के विशेष सुरक्षा दल अधिनियम, 2010 के तहत बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) की 2–8 हाउस गार्ड टीम, तीन महिला एवं तीन पुरुष अंगरक्षक, बुलेटप्रूफ वाहन तथा एस्कॉर्ट वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।इसी अधिनियम के तहत लालू प्रसाद को 2–8 हाउस गार्ड टीम दी जाएगी। उनकी सुरक्षा के लिए दो अंगरक्षक तैनात रहेंगे। साथ ही उन्हें एस्कॉर्ट, पायलट और बुलेटप्रूफ वाहन की सुविधा भी मिलेगी।राज्य सरकार ने लालू प्रसाद के बेटे और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को पहले से प्राप्त वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा बरकरार रखी है। उन्हें 1–4 हाउस गार्ड, छह अंगरक्षक तथा पांच पुलिसकर्मियों वाला एस्कॉर्ट वाहन उपलब्ध रहेगा। गृह विभाग ने लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के बड़े पुत्र तेजप्रताप यादव को प्रदान की गई वाई श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। पूर्व विधायक होने के नाते उन्हें अब एक अंगरक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग के नए आदेश में लालू परिवार की बड़ी पुत्री एवं सांसद मीसा भारती तथा तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री यादव की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था यथावत रखी गई है। सांसद होने के कारण मीसा भारती को तीन अंगरक्षकों का सुरक्षा घेरा मिलता रहेगा, जबकि राजश्री यादव को एक महिला अंगरक्षक की सुरक्षा पूर्ववत उपलब्ध रहेगी।

# जिसने जन्म दिया, उसी ने ली जान, मुंब्रा में एक साल के मासूम की मौत से हड़कंप, मां गिरफ्तार

(एजेंसी) ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा इलाके से एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक साल के मासूम बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद पुलिस ने उसकी 26 वर्षीय मां को गिरफ्तार कर लिया है। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है और हर कोई यह जानने की कोशिश कर रहा है कि आखिर उस घर में ऐसा क्या हुआ, जिसकी कीमत एक मासूम को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पुलिस के अनुसार, यह घटना मुंब्रा के जीवन बाग इलाके में हुई। मामले की सूचना महिला के पति ने पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर की जांच शुरू की। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना के समय और बाद में महिला घर के अंदर ही मौजूद थी। मौके से जुटाए गए सबूतों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में संकेत से लगता है कि महिला लंबे समय से किसी मानसिक या पारिवारिक तनाव से गुजर रही थी। हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है और सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस परिवार और पड़ोसियों के बयान दर्ज कर रही है। जांच अधिकारी यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि घटना से पहले घर में किसी तरह का विवाद, तनाव या अन्य परिस्थितियां तो नहीं थीं। पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दे सकती है। एक साल के मासूम की मौत की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक और चर्चा का माहौल बन गया। स्थानीय लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और परिवार के साथ हुई इस त्रासदी को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# पटना कोचिंग विवाद में बढ़ीं खान सर की मुश्किलें, फायरिंग मामले में दर्ज हुई एफआईआर

(एजेंसी) पटना। दो प्रमुख कोचिंग संस्थानों के बीच चल रहे विवाद ने अब कानूनी और आपराधिक जांच का रूप ले लिया है। चर्चित शिक्षक फैजल खान, जिन्हें छात्र और युवा वर्ग 'खान सर' के नाम से जानते हैं, अब पुलिस जांच के दायरे में आ गए हैं। उनके संस्थान खान ग्लोबल स्टडीज (केजीएस) में हुई तोड़फोड़, पथराव और कथित फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। घटना के बाद सामने आए तथ्यों और सुरक्षा गार्डों की भूमिका को देखते हुए पुलिस ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया है, जो सभी पहलुओं की जांच करेगी। मंगलवार देर रात पटना के कदमकुआं क्षेत्र स्थित खान ग्लोबल स्टडीज परिसर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, 15 से 20 लोगों के एक समूह ने संस्थान परिसर में घुसकर तोड़फोड़ और पथराव किया। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की भी सूचना सामने आई। घटना के तुरंत बाद खान सर ने आरोप लगाया था कि एक प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान से जुड़े लोगों ने उनके संस्थान को निशाना बनाया है। उन्होंने यह भी दावा किया था कि उनके सामने फायरिंग की घटना हुई। हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि फायरिंग हुई या नहीं, इसकी पुष्टि जांच एजेंसियां ही कर सकती हैं। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो



में दो सुरक्षा गार्ड कथित रूप से हवाई फायरिंग करते हुए दिखाई दिए। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू की और दोनों गार्डों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी प्रदीप कुमार और कासगंज निवासी कालेश्वर हैं। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि संस्थान पर हुए हमले और पथराव के बाद उन्होंने आत्मरक्षा और भीड़ को तितर–बितर करने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग की थी। पुलिस ने दोनों सुरक्षा गार्डों के पास मौजूद राइफलों को जब्त कर लिया है। इन हथियारों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि फायरिंग किस परिस्थिति में हुई और कितनी गोलियां चलाई गईं। शहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वायरल वीडियो के सत्यापन के बाद कार्रवाई की गई है। जांच एजेंसियां अब वीडियो, हथियारों और घटनास्थल से मिले अन्य सबूतों का मिलान कर रही हैं। फायरिंग मामले में दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस अब खान सर की भूमिका की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा गार्डों द्वारा हथियारों के उपयोग और संस्थान प्रबंधन की जानकारी के संबंध में कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब अभी मिलने बाकी हैं। इसी कारण पुलिस किसी भी समय खान सर से विस्तृत पूछताछ कर सकती है। मामले की जांच के लिए गठित विशेष टीम घटना के दौरान मौजूद लोगों के बयान भी दर्ज कर रही है। इस विवाद में केवल खान ग्लोबल स्टडीज ही जांच के घेरे में नहीं है। पुलिस ने प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान से जुड़े एक निदेशक सहित तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। उन पर तोड़फोड़, पथराव और हिंसक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। पुलिस का कहना है कि सभी पक्षों के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है और किसी को भी जांच से छूट नहीं दी जाएगी। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जहां खान सर ने शुरुआत में प्रतिद्वंद्वी संस्थान पर हमले और फायरिंग की साजिश रचने का आरोप लगाया, वहीं दूसरे पक्ष ने पलटवार करते हुए दावा किया कि पूरी घटना पूर्व नियोजित हो सकती है। प्रतिद्वंद्वी संस्थान से जुड़े कुछ लोगों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि फायरिंग की कहानी गढ़ी गई और सुरक्षा गार्डों की गतिविधियां इस दिशा में सवाल खड़े करती हैं। फिलहाल पूरा मामला जांच के अधीन है और पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान इस मामले की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। पटना के चर्चित कोचिंग संस्थानों से जुड़ा यह विवाद अब केवल शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि कानून–व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बन चुका है। आने वाले दिनों में जांच के निष्कर्षों के आधार पर और भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं, जिन पर सभी की नजर बनी हुई है।

# पुणे में सिलेंडर विस्फोट से दो लोगों की मौत, 6 वर्षीय बच्ची ने पहली मंजिल से कूदकर बचाई जान

(एजेंसी) पुणे। महाराष्ट्र में पुणे जिले के खंडवे नगर इलाके में शुक्रवार सुबह एलपीजी गैस सिलेंडर में विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। इस दौरान छह वर्षीय बच्ची ने पहली मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पुराना एलपीजी सिलेंडर खत्म होने के बाद नया सिलेंडर लगाया जा रहा था। इसी दौरान गैस रिसाव हुआ और गैस पूरे कमरे में फैल गई। कुछ ही देर बाद हुए जोरदार विस्फोट ने पूरे घर को आग की चपेट में ले लिया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, सुबह करीब 9रू15 बजे खंडवे नगर स्थित एक मकान में आग लगने और सिलेंडर विस्फोट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही खराडी, धानोरी और येरवडा फायर स्टेशन से तीन दमकल वाहन मौके पर भेजे गए। दमकलकर्मियों के पहुंचने तक ग्राउंड प्लस पहली मंजिल पर भीषण आग फैल चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत पानी की बौछार शुरू कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में विष्णु गीते (60), रुंदीवनिका विष्णु गीते (50) और पांडुरंग विष्णु गीते (35) गंभीर रूप से झुलस गए थे। इनमें से दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। इस दर्दनाक घटना के बीच छह वर्षीय निहारिका गीते की सूझबूझ ने उसकी जान बचा ली। आग और धुएं से घिरने के बाद निहारिका ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। इस दौरान उसे और उसकी मां को मामूली चोटें आईं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि आग में फ्लैट का हॉल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। फर्नीचर, टेलीविजन, बिजली की वायरिंग और अन्य घरेलू सामान नष्ट हो गए।



बाथरूम और शौचालय के दरवाजे, गीजर, रसोई में रखा फ्रिज और अन्य सामान भी आग की चपेट में आ गए। पूरे फ्लैट में धुआं भर जाने से दीवारें काली पड़ गईं। दमकल विभाग ने आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद कूलिंग ऑपरेशन चलाया। अधिकारियों ने बताया कि घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# हैदराबाद में सूडानी नागरिक को तेज बुखार के बाद अस्पताल में भर्ती, स्वास्थ्य जांच जारी

(एजेंसी) हैदराबाद तेलंगाना के हैदराबाद स्थित सरकारी गांधी अस्पताल में बुखार से पीड़ित सूडान के एक नागरिक को भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही अस्पताल में इबोला से संबंधित भर्ती मरीजों की कुल संख्या दो हो गई है। उन्होंने बताया कि सूडानी नागरिक 20 वर्षीय छात्र को बृहस्पतिवार शाम को एक निजी स्वास्थ्य केंद्र से गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि छात्र की हालत में सुधार हुआ और शुक्रवार सुबह तक उसका बुखार उतर गया था। उन्होंने बताया कि छात्र के साथ आए व्यक्ति को घर पर पृथकवास में रहने की सलाह दी गई है। इससे पहले, बृहस्पतिवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे 35 वर्षीय एक अन्य सूडान के नागरिक को हवाई अड्डे पर थर्मल जांच के दौरान बुखार पाए जाने के बाद गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों ने बताया कि घुटने की सर्जरी के लिए हैदराबाद आए 35 वर्षीय व्यक्ति को शुक्रवार सुबह तक बुखार नहीं था और उसमें कोई लक्षण नहीं थे। उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्तियों की जांच रिपोर्ट का इंतजार है। तेलंगाना सरकार ने गांधी अस्पताल में इबोला के मामलों के लिए 10 बिस्तरों वाला एक विशेष वार्ड तैयार किया है।

# सम्पादकीय

## कर्नाटक में डीके राज की शुरुआत

डीके शिवकुमार के सामने कर्नाटक में सत्ता संभालना आसान नहीं होगा। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि सिद्धारमैया का दबाव, अहिंदा वोट बैंक, विपक्ष की चुनौती, बेंगलुरु का विकास और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर उन्हें अगले दो साल में खुद को साबित करना होगा। डी के शिवकुमार के लिए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना भी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी क्योंकि कनार्टक में यह आने वाले चुनाव में बड़ा मुद्दा बनने वाला है। इसके अलावा कांग्रेस की गारंटी स्कीम को चलाए रखने की भी जरूरत है, क्योंकि इन योजनाओं में सरकार का करीब पचास हजार करोड़ रुपए सालाना खर्च हो रहा है। कनार्टक पिछले चार दशकों से हर बार सरकार बदल देता है। डी के शिवकुमार के पास केवल दो साल हैं इन सब चुनौतियों से निपटने के लिए। डी के शिवकुमार को एक बेहतरीन संकटमोचक कहा जाता है, लेकिन इससे काम नहीं चलेगा, उन्हें एक अच्छा प्रशासक बन कर अपने आप को साबित करना पड़ेगा। मालूम हो कि कर्नाटक की सियासत में लंबे इंतजार के बाद बड़ा बदलाव हो गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार ने बीते दिनों मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। बेंगलुरु के लोक भवन में हुए समारोह के साथ ही राज्य में सत्ता का नया अध्याय शुरू हो गया है। डीके शिवकुमार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने लोक भवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कैबिनेट में वोक्कालिगा, दलित, लिंगायत, मुस्लिम, क्रिश्चियन, एसटी और ओबीसी समुदायों को संतुलित तरीके से जगह दी गई है। खुद मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं, जबकि उप मुख्यमंत्री जी. परमेश्वर दलित चेहरे के तौर पर शामिल हैं। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के अलावा कैबिनेट में डॉ. जी. परमेश्वर उपमुख्यमंत्री के साथ के.एच. मुनियप्पा, के.जे. जॉर्ज, एम.बी. पाटिल, रामलिंगा रेड्डी, सतीश जरकीहोली, .ष्णा बायर गौड़ा, प्रियांक खड़गे, यू. टी. खादर, ईश्वर खांद्रे, यतींद्र सिद्धारमैया, बायराठी सुरेश और शरण प्रकाश पाटिल जैसे नेता शामिल हैं। यह शपथग्रहण उस सत्ता परिवर्तन की कड़ी है, जिसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हाल ही में पद छोड़ा था। इसके बाद कांग्रेस हाईकमान ने शिवकुमार को नेतृत्व की कमान सौंपी है। शपथ समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। आठ बार विधायक रहे डीके शिवकुमार लंबे समय से मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। उन्हें कांग्रेस का 'ट्रबलशूटर' भी माना जाता है, जिन्होंने कई राजनीतिक संकटों में अहम भूमिका निभाई है। बताते चलें कि डी के शिवकुमार देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। वो 1440 करोड़ रुपये से ज्यादा संपत्ति के मालिक हैं। उन्हें देश के सबसे अमीर नेताओं और विधायकों में गिना जाता है। राजनीति के अलावा वो माइनिंग, रियल एस्टेट और एजुकेशन सेक्टर के एक सफल कारोबारी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, डीके शिवकुमार भारत के सबसे अमीर विधायक हैं। अब वे देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री भी होंगे। डीके शिवकुमार के पास 1,413 करोड़ रुपये की संपत्ति है. डीके शिवकुमार का बिजनेस एम्पायर मुख्य रूप से रियल एस्टेट, कंस्ट्रक्शन, माइनिंग (खनन) और शिक्षा क्षेत्रों में फैला हुआ है। बेंगलुरु में स्थित ग्लोबल मॉल के वे मालिक हैं, जिसकी कीमत करीब 900 करोड़ है। वे कई प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपर्स कंपनियों में हिस्सेदारी रखते हैं। उनके चुनावी हलफनामे के अनुसार वीक्रॉस डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, कौस्तूबा प्रोजेक्ट्स और आईकॉन प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों में उनके बड़े शेयर और निवेश हैं। कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि डीके शिवकुमार जितने सफल बिजनेसमैन हैं, उतने ही सफल राजनेता भी हैं। उन्हें कांग्रेस का संकट मोचन माना जाता है। उन्होंने 1989 से अब तक लगातार 8 बार विधानसभा चुनाव जीता है। वह कर्नाटक के कनकपुरा सीट से चुनाव जीतते आ रहे हैं। यहां उनकी मजबूत पकड़ है। उन्हें कनकपुरा का रॉकस्टार और कनकपुर बंदा कहा जाता है।



नफीस जाफरी

# एनडीए के लिए बिहार विधान परिषद चुनाव बड़ी चुनौती!



गुलफिशा खान

हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से एक सीट मांगी है। गौरतलब है कि विधान परिषद की नौ सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद रिक्त हुई एक सीट पर उपचुनाव भी कराया जाएगा। बिहार विधानसभा में एआईएमआईएम के पांच विधायक हैं। एआईएमआईएम की बिहार इकाई के अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने संवाददाताओं से कहा, जब हमने राज्यसभा चुनाव में एक सीट पर अपना दावा छोड़कर इंडिया गठबंधन का समर्थन किया था, तब तेजस्वी यादव ने भविष्य में हमारे हितों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। अब समय आ गया है कि वह उस वादे को पूरा करें। विपक्षी इंडिया गठबंधन के पास बिहार विधानसभा में 35 विधायक हैं, जिससे वह 10 विधान परिषद सीट में से एक सीट आसानी से जीत सकता है। हालांकि दूसरी सीट पर उसकी संभावनाएं एआईएमआईएम और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायकों के समर्थन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के खेमे में होने वाले संभावित क्रॉस वोटिंग पर निर्भर करती हैं। अख्तरुल इमान ने कहा,हमारा राजनीतिक उद्देश्य सांप्रदायिक ताकतों को पराजित करना है। हमें पता है कि एआईएमआईएम के पास अपने दम पर परिषद की एक सीट जीतने के लिए पर्याप्त विधायक नहीं हैं और हमें अन्य दलों के समर्थन की आवश्यकता है। यदि राजद भविष्य में हमारा सहयोग चाहता है, तो उसे अभी हमें अवसर देना चाहिए। बिहार में एआईएमआईएम के पांच विधायक हैं। इमान ने कहा कि वह विधान परिषद चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार को एक सीट दिलाने के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव से बातचीत करेंगे। अब बात बिहार के भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए की तो गौरतलब है कि राज्य में 18 जून को विधान परिषद की जिन सीट पर चुनाव होना है, उनमें से दो सीटें राजद के पास हैं। इनमें एक सीट पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी सुनील कुमार सिंह की है। बिहार विधानसभा में छह विधायकों वाली कांग्रेस के पास भी विधान परिषद की एक सीट है, जिस पर वर्तमान में समीर कुमार सिंह काबिज हैं। यह सीट 28 जून को रिक्त हो रही है। यहां यह बताते चलें कि बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। पटना से लेकर दिल्ली तक बैठकों का दौर चल रहा है। जेडीयू अपने संभावित उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रही है, जबकि भाजपा ने भी संभावित नामों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी है। लेकिन इस बार चुनाव सिर्फ विधान परिषद की सीटों तक सीमित नहीं है। इसके जरिए एनडीए के अंदर ताकत, हिस्सेदारी और राजनीतिक प्रभाव की भी परीक्षा होने वाली है। सबसे ज्यादा चर्चा स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश



को लेकर हो रही है। दोनों मंत्री फिलहाल विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य नहीं हैं। संविधान के मुताबिक मंत्री बनने के बाद तय समय के भीतर किसी सदन का सदस्य बनना जरूरी होता है। ऐसे में माना जा रहा है कि दोनों नेताओं को विधान परिषद के रास्ते सदन भेजा जा सकता है। हालांकि अंतिम फैसला अभी होना बाकी है। अगर दोनों को टिकट मिलता है तो कई दूसरे दावेदारों की उम्मीदों पर असर पड़ सकता है। असल चुनौती एनडीए के सहयोगी दलों की मांगों को लेकर है। हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी पहले ही एक सीट की मांग कर चुके हैं। मांझी का कहना है कि महादलित समाज में उनकी मजबूत पकड़ है और एनडीए को इसका राजनीतिक लाभ मिलता है। इसलिए उनकी पार्टी को विधान परिषद में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। मांझी पिछले कुछ दिनों से लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं और खुलकर अपनी दावेदारी जता रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दूसरी तरफ चिराग पासवान की पार्टी भी अपनी हिस्सेदारी चाहती है। लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद चिराग का राजनीतिक कद बढ़ा है। उनकी पार्टी चाहती है कि विधान परिषद चुनाव में भी उसे सम्मानजनक हिस्सेदारी मिले। चिराग भले सार्वजनिक तौर पर ज्यादा दबाव नहीं बना रहे हों, लेकिन एनडीए के अंदर उनकी दावेदारी को गंभीरता से देखा जा रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भी अपनी पार्टी के लिए प्रतिनिधित्व चाहते हैं। उनका मानना है कि पिछड़ा वर्ग, खासकर कुशवाहा समाज में उनकी राजनीतिक पकड़ अब भी मजबूत है। ऐसे में वे भी एनडीए में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। यहीं से एनडीए की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। सीटें सीमित हैं, लेकिन दावेदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जेडीयू अपने नेताओं को एडजस्ट करना चाहती है। भाजपा के अंदर भी कई नेता टिकट की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ऐसे में सहयोगी दलों की मांग पूरी करना आसान नहीं माना जा रहा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह केवल विधान परिषद चुनाव नहीं, बल्कि विधानसभा चुनाव से पहले की राजनीतिक तैयारी भी है। सभी सहयोगी दल अभी से अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं ताकि विधानसभा सीटों के बंटवारे के समय उनकी स्थिति मजबूत रहे। इसलिए विधान परिषद चुनाव को छोटे दल अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के मौके के रूप में देख रहे हैं। सबसे दिलचस्प सवाल जीतन राम मांझी को लेकर है। राज्यसभा चुनाव के समय भी मांझी की नाराजगी और दावेदारी चर्चा में रही थी। उस समय उन्हें मनाने की कोशिश हुई थी, लेकिन उनकी सभी राजनीतिक अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकी थीं। अब एक बार फिर वही सवाल उठ रहा है कि क्या इस बार उन्हें वास्तव में विधान परिषद की सीट मिलेगी या फिर उन्हें केवल आश्वासनों के सहारे शांत करने की कोशिश होगी। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि किसी एक सहयोगी दल को ज्यादा महत्व देने पर दूसरा दल नाराज हो सकता है। अगर मांझी को सीट मिलती है तो चिराग और कुशवाहा की दावेदारी भी मजबूत होगी। अगर चिराग को ज्यादा महत्व मिलता है तो दूसरे सहयोगी दल असहज हो सकते हैं। इसलिए एनडीए और जेडीयू दोनों बहुत सोच-समझकर फैसला लेना चाहती हैं। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में इसी मुद्दे पर लगातार चर्चा हो रही है। एनडीए नेतृत्व चाहता है कि विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन पूरी तरह एकजुट दिखाई दे। किसी भी तरह का असंतोष या नाराजगी विपक्ष को बड़ा मुद्दा दे सकती है। इसलिए सीटों का फैसला केवल राजनीतिक गणित नहीं, बल्कि सामाजिक और चुनावी समीकरण को ध्यान में रखकर किया जाएगा। फिलहाल इतना साफ है कि विधान परिषद चुनाव एनडीए के लिए विपक्ष से ज्यादा अपनी अंदरूनी राजनीति की परीक्षा बन गया है। निशांत कुमार और दीपक प्रकाश का भविष्य, मांझी और चिराग की दावेदारी, जेडीयू और भाजपा का तालमेल और सहयोगियों की नाराजगी-इन सभी सवालों के जवाब अगले कुछ दिनों में सामने आएंगे। लेकिन इतना तय है कि इस बार की लड़ाई केवल सीटों की नहीं, बल्कि सम्मान, हिस्सेदारी और राजनीतिक ताकत की भी है।

# अमेरिका खुफ़िया एजेंसी के नए मुखिया-न कोई अनुभव और न ही टैलेंट



फरीद वारसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को एक बेहद तीखी फोन कॉल में जमकर फटकार लगाई। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप इजरायल द्वारा लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ बढ़ाई जा रही सैन्य कार्रवाई से नाराज हैं, क्योंकि इससे ईरान के साथ चल रही शांति वार्ताओं को नुकसान पहुंच सकता है। ट्रंप ने इसके बाद कहा कि इजराइल और हिजबुल्लाह लड़ाई बंद करने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि खास बात रही कि ट्रंप के इस ऐलान के बाद भी इजरायली सेना ने कहा कि लेबनान की तरफ से इजरायल क्षेत्र में दो रॉकेट दागे गए जिन्हें हवा में मार गिराया गया। अमेरिकी मीडिया संस्था एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, फोन पर बातचीत के दौरान ट्रंप ने नेतन्याहू को विशुद्ध सनकी तक कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों और कॉल की जानकारी रखने वाले एक अन्य सूत्र के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप ने बेरूत पर हमले की इजरायल की योजना को भी रोक दिया। उन्होंने कथित तौर पर नेतन्याहू से कहा कि लेबनान की राजधानी पर बमबारी की धमकियां इजरायल को दुनिया में और ज्यादा अलग-थलग कर देंगी। कथित तौर पर फोन पर ट्रंप ने यह भी दावा किया कि उन्होंने नेतन्याहू को जेल जाने से बचाने में मदद की थी। यह इशारा नेतन्याहू पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामले के दौरान ट्रंप के समर्थन की ओर था। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने नेतन्याहू से गुस्से में कहा कि तुम विशुद्ध रूप से सनकी हो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। अब हर कोई तुमसे नफरत करता है। इस वजह से हर कोई इजरायल से भी नफरत करता है.। रिपोर्ट के अनुसार एक प्वाइंट पर ट्रंप नेतन्याहू से इतने नाराज



हो गए कि उनसे पूछा, आप क्या बकवास कर रहे हैं? और अब बात अमेरिका के खुफिया विभाग के नव नियुक्त नए मुखिया की तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया को हैरान करते हुए अपने एक धुर समर्थक को देश की खुफिया एजेंसी का नया मुखिया नियुक्त किया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस व्यक्ति के पास राष्ट्रीय सुरक्षा या खुफिया मामलों का कोई पुराना अनुभव नहीं है। इसके बावजूद, ट्रंप ने उन्हें यह बेहद संवेदनशील जिम्मेदारी सौंपी है। सिर्फ इतना ही नहीं, यह नया खुफिया प्रमुख सुरक्षा कमान संभालने के साथ-साथ अमेरिकी फेडरल हाउसिंग और मॉर्टगेज (गृह ऋण) नीतियों से जुड़े अपने पुराने पदों पर भी काम करता रहेगा। फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के मौजूदा प्रमुख बिल पुल्ते को अमेरिका का नया कार्यवाहक राष्ट्रीय खुफिया निदेशक नियुक्त किया गया है। बिल पुल्ते इसके साथ ही अमेरिका की दिग्गज मॉर्टगेज कंपनियों फैनी मे और फ्रेडी मैक का नेतृत्व भी संभालते रहेंगे. उन्होंने तुलसी गबार्ड की जगह ली है, जिन्होंने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। खुफिया प्रमुख के तौर पर तुलसी गबार्ड का चयन भी शुरुआत से ही विवादों में रहा था। गबार्ड ने मई के आखिर में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अमेरिकी राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि ईरान के खिलाफ युद्ध के मुद्दे पर गबार्ड और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच गहरे मतभेद पैदा हो गए थे। इसके बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा। हालांकि गबार्ड ने अपनी बीमार पति की सेहत का हवाला देते हुए पद छोड़ा था। गबार्ड के जाते ही ट्रंप ने बिना देर किए अपने सबसे भरोसेमंद साथी बिल पुल्ते के नाम पर मुहर लगा दी। 38 वर्षीय बिल पुल्ते राष्ट्रपति ट्रंप के कितने वफादार हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिकी मीडिया में उन्हें अक्सर ट्रंप का अटैक डॉग यानी हमलावर सिपाही कहा जाता है। पुल्ते सार्वजनिक मंचों पर ट्रंप के राजनीतिक दुश्मनों और विरोधियों के खिलाफ बेहद आक्रामक रुख अपनाने के लिए जाने जाते हैं। बिल पुल्ते को खुफिया कमान सौंपने के अपने फैसले का राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर खुलकर बचाव किया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए ट्रंप ने लिखा, विलियम (बिल पुल्ते) के पास अमेरिका के सबसे संवेदनशील मामलों, यानी बाजारों की सुरक्षा और सु.ढ़ता को संभालने का गहरा अनुभव है। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि पुल्ते खुफिया विभाग की जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ हाउसिंग और मॉर्टगेज सेक्टर से जुड़ी अपनी पुरानी भूमिकाओं में भी बने रहेंगे। भले ही पुल्ते के पास राष्ट्रीय सुरक्षा की कोई पृष्ठभूमि न हो, लेकिन वह ट्रंप के राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने में हमेशा आगे रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक सीनेटर एडम शिफ और न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स सहित ट्रंप के कई धुर विरोधियों पर मॉर्टगेज आवेदनों में फर्जी दस्तावेज लगाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

## प्रदूषण कार्यशील मॉडल बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें पंचम दिवस पर कक्षा 11 की छात्रा कु रिंकल ने अपने प्रदूषण कार्यशील मॉडल बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रदान किया। मॉडल के प्रस्तुतिकरण में छात्रा ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण प्र.ति को पूरी तरह जहरीला बना दिया है। मॉडल के पहले भाग में कारखानों की चिमनियों और सड़कों पर दौड़ते वाहनों से निकलता हुआ सघन काला धुंआ कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसों का जानलेवा मिश्रण है। मॉडल के दूसरे भाग में शहरों का सीवेज, फैक्टरियों का अन ट्रीटेड केमिकल युक्त एसिडिक पानी हमारी नदियों को गंदे नालों में तब्दील कर रहा है। प्लास्टिक कचरा और .षि में अत्यधिक रसायनों का उपयोग धरती को बंजर बना रहा है। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए एयर स्क्रबर, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, एवं थ्री आर के साथ अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। अश्वनी कुमार जैन ने कु रिंकल के मॉडल के रचनात्मक एवं क्रियाशील प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने जनपद के समस्त जनमानस को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए अपील की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# बिहार की नई पहचान बने ''वैभव''



शबाब हुसैन

आईपीएल 2026 के वंडरकिड वैभव सूर्यवंशी मैदान के बाद अब विज्ञापन बाजार में भी धूम मचाने जा रहे हैं। कुछ दिग्गजों ने दावा किया है कि अगर यह स्टार खिलाड़ियों की नीलामी में गया तो उन्हें 30 करोड़ तक मिल सकते हैं। सूर्यवंशी को फिलहाल राजस्थान रॉयल्स से 1.10 करोड़ की रिटेनर फीस मिलती है और अगर वह अपनी आईपीएल सैलरी में चेंज चाहते हैं तो उन्हें कम से कम एक सीजन और इंतजार करना पड़ेगा। आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी ने 237.30 की स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। वैभव ऑरेंज कैप होल्डर रहे। उन्होंने फाइनल के बाद अवॉर्ड सेरेमनी में पांच खिताब जीते। वैभव के स्टारडम का आलम यह था कि विराट जैसे दिग्गजों के बीच भी कैमरा उन्हीं पर होता। बाजार के जानकारों की मानें तो 15 साल के इस युवा खिलाड़ी को मिल रही शोहरत का असर उनके ब्रांड वैल्यू पर भी पड़ा है, जो रॉकेट की रतार से आगे बढ़ रही है। यहां यह बताते चलें कि वैभव सूर्यवंशी के माता-पिता फिलहाल इस खिलाड़ी के ब्रांड एंडोर्समेंट को मैनेज करते हैं। इसमें उनकी मदद आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स भी मदद कर रही है। वैभव के पोर्टफोलियो में पहले ही कॉम्पलान और रेड बुल जैसे ब्रांड्स हैं, जिनके विज्ञापनों में वह दिखाई दिए हैं। वहीं आईपीएल में धमाल मचाने की वजह से कई दूसरे ब्रांड्स भी उन्हें साइन करने की होड़ में हैं। इंडस्ट्री के एक एक्सपर्ट ने नाम न बताने की शर्त पर मीडिया से बात करते हुए बताया कि सूर्यवंशी ने अपनी एंडोर्समेंट फीस लगभग दोगुनी कर दी है। आईपीएल शुरू होने से पहले, उन्होंने हर डील के लिए करीब 1 करोड़ रुपये लिए थे। हालांकि, अब वह हर डील के लिए 1.5 से 2 करोड़ रुपये तक की फीस ले रहे हैं। जहां तक वैभव सूर्यवंशी का सवाल है तो वैभव सूर्यवंशी को लेकर देश में अलग क्रेज बन गया है। 15 साल के क्रिकेटर में प्ल्स में गजब का क्रिकेट खेलकर सबका दिल जीत लिया है। लेकिन इस बीच वैभव सूर्यवंशी को लेकर देश की जानी-मानी स्पोर्ट्स प्रजेंटर और एंकर रिधिमा पाठक ने एक वीडियो शेयर किया है जो हर बिहारियों का दिल छू लिया है। रिधिमा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर अपने दिल की बात रखी है। रिधिमा भी बिहार से ताल्लुक रखती है। ऐसे में उन्होंने बिहार के युवाओं के उस पुराने दर्द और झिझक को बयां किया है, जिसे अमूमन हर बिहारी ने कभी न कभी बाहरी राज्यों में महसूस किया है। अब रिधिमा का यह वीडियो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने अपने वीडियो में कहा कि बचपन में जब हमसे स्कूल-कॉलेज में पूछा जाता था कि कहां से आते हो, तो हम बताने से कतराते थे कि हम बिहार से हैं। क्योंकि लालू प्रसाद यादव ने बिहार की ऐसी कोई रेपुटेशन नहीं छोड़ी थी। लेकिन उसके बाद दो कमाल की चीजें हुईं- पहले महेंद्र सिंह धोनी और दूसरी गैंग्स ऑफ वासेपुर फिल्म। इन दोनों ने बिहारियों में थोड़ा टशन भरा। लेकिन, यह पूरा का पूरा गुड पीआर झारखंड ले गया, जो बिहार से अलग होकर एक नया राज्य बन गया था। मगर अब जो आए हैं, वह हैं वैभव सूर्यवंशी। वह एक आउट एंड आउट बिहारी हैं। अब कोई भी बिहारी यह बोलने से नहीं कतराएगा कि वह बिहारी है। रिधिमा पाठक ने जिस वैभव सूर्यवंशी को बिहार का राइट पीआर बताया है, उन्होंने क्रिकेट जगत में तहलका मचा रखा है। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले 15 साल के वैभव आईपीएल इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने थे, जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 2025 में आईपीएल की बोली में 1.10 करोड़ में खरीदा था। हाल ही में खत्म हुए आईपीएल



2026 के 19 वें सीजन में भले ही राजस्थान रॉयल्स खिताब न जीत पाई हो, लेकिन वैभव ने अपने बल्ले से कोहराम मचा दिया था। इस 15 साल के धुरंधर ने 16 मैचों में 237.30 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए थे। सीजन में रिकॉर्ड 72 छक्के लगाकर उन्होंने ऑरेंज कैप पर कब्जा किया। यही नहीं, वैभव आईपीएल इतिहास के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने एक ही सीजन में ऑरेंज कैप समेत कुल 5 बड़े अवॉर्ड्स अपने नाम किए। इसी शानदार प्रदर्शन के दम पर आज वैभव देश के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार्स में शुमार हो चुके हैं। रिधिमा ने वीडियो में एक दिलचस्प टीस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब महेंद्र सिंह धोनी का दौर आया और फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर रिलीज हुई, तो देश का नजरिया बिहार और पूर्वांचल के प्रति बदला। लोगों में एक अलग स्वैग आया। लेकिन धोनी का शहर रांची और वासेपुर दोनों झारखंड में चले गए, जो साल 2000 में बिहार से अलग हो चुका था। ऐसे में बिहार को उसका असली क्रेडिट नहीं मिल पाया। मगर अब वैभव सूर्यवंशी के रूप में बिहार को अपना खुद का पीआर मिल गया है, जो बिहारी पहचान के साथ खेल के मैदान पर चमक रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोग रिधिमा पाठक के बारे में भी सर्च कर रहे हैं। रिधिमा भारत की एक फेमस स्पोर्ट्स प्रजेंटर, एंकर और वॉयस-ओवर आर्टिस्ट हैं। वह कई स्पोर्ट्स चैनलों के लिए आईसीसी वर्ल्ड कप, आईपीएल और एनबीए जैसे बड़े इवेंट्स होस्ट कर चुकी हैं। रिधिमा ने पुणे से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी, लेकिन कॉर्पोरेट नौकरी छोड़ उन्होंने एंकरिंग की दुनिया में अपनी बेबाक पहचान बनाई।

# देहरादून जा रही निजी बस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

## – दुर्घटना में कई घायल, अस्पताल में भर्ती

फोटो परिचय–1

न्यूज वाणी ब्यूरो

कोतवाली देहात, बिजनौर। काशीपुर–हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए। दुर्घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के रोशनपुर प्रताप गांव के निकट हुई, जहां यात्रियों से भरी एक निजी बस असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। बताया गया है कि बस लखीमपुर खीरी से देहरादून की ओर जा रही थी। वाहन में बड़ी संख्या में मजदूर और कामकाजी लोग सवार थे, जो रोजगार के लिए देहरादून जा रहे थे। सुबह करीब तीन बजे हुए हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया तथा पुलिस को सूचना दी। घटना में घायल यात्रियों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद लखीमपुर खीरी निवासी 30 वर्षीय राकेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल हुए कई यात्रियों का उपचार अस्पताल में कराया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों और उनके परिजनों में चिंता का माहौल बना रहा। प्रशासन ने घायलों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# भ्रूण लिंग परीक्षण रैकेट का खुलासा, तीन आरोपी दबोचे

न्यूज वाणी ब्यूरो/नूरपुर, बिजनौर। प्रतिबंधित भ्रूण लिंग परीक्षण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने नूरपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। छापेमारी के दौरान तीन लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि मौके से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन सहित कई उपकरण बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार हरियाणा से मिली सूचना के आधार पर पूरी कार्रवाई की योजना तैयार की गई। जांच एजेंसियों ने एक गर्भवती महिला को ग्राहक बनाकर संदिग्धों से संपर्क कराया। तय योजना के तहत महिला को बिजनौर लाया गया, जहां उससे भ्रूण के लिंग की जानकारी देने के नाम पर मोटी रकम की मांग की गई। बताया जाता है कि सौदा तय होने के बाद महिला को नूरपुर क्षेत्र के एक मकान में ले जाया गया। वहां पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन की मदद से जांच की जा रही थी। पूर्व निर्धारित संकेत मिलते ही निगरानी कर रही टीम ने मौके पर छापा मार दिया। कार्रवाई के दौरान जांच करने वाले व्यक्ति, एक महिला बिचौलिया तथा मकान मालिक को पकड़ लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि जिस मकान में कार्रवाई हुई, वहीं से यह अवैध गतिविधि संचालित की जा रही थी। छापे में टीम को एक पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, प्रोब, चार्जिंग उपकरण और अल्ट्रासाउंड जेल समेत अन्य सामग्री मिली। सभी उपकरणों को कब्जे में लेकर सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आरोपियों के खिलाफ पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके। इस कार्रवाई में स्वास्थ्य विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही।

# सीएम योगी के जन्मदिवस पर 273 मरीजों में बांटी खाद्य सामग्री व फल



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54 वें जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को कल्पनाथ राय मेडिकल कॉलेज, कसारा में भर्ती 273 मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय एवं मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. मनीष राय ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि जनसेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही समाज के प्रति सच्ची जिम्मेदारी है। कहा कि योगी आदित्यनाथ ने अपने जीवन को जनसेवा, राष्ट्रसेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया है। एक संत के रूप में उन्होंने आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाया और एक जननेता के रूप में प्रदेश के विकास, सुशासन, कानून व्यवस्था तथा गरीब कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सुरक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। निदेशक डॉ. मनीष राय ने कहा कि ऐसे अवसर समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर खाद्य सामग्री एवं फल वितरण का यह कार्यक्रम सेवा और मानवता की भावना का प्रतीक है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही किसी भी जन्मदिवस को सार्थक बनाने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि योगी आदित्यनाथ जी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की शक्ति प्रदान करें, ताकि वे प्रदेश और राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहें। खाद्य सामग्री और फल वितरण कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम सामाजिक सेवा और जनकल्याण के संदेश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय पांडेय, डिंपल जायसवाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद न्यायालय में हुआ वृक्षारोपण



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। जनपद न्यायाधीश संजय कुमार यादव द्वारा कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु, जल संरक्षण एवं जैव विविधता के संरक्षण में भी अत्यंत आवश्यक हैं। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण हेतु सक्रिय योगदान देना चाहिए। प्रभारी सचिव अरुणांजलि सिंह ने उपस्थित सभी सम्मानित अधिकारीगण, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने निवेदनार्थ आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रहकर निरंतर एवं नियमित दिनचर्या बनाये जाने का प्रयास लोकहितकारी होगा।

# व्यापार मंडल के पुनर्गठन पर आकाश बने मीडिया प्रभारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। नगर के मोहल्ला शेख टोला स्थित व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं डीटी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर रियाज अहमद बबलू के आवास पर गुरुवार देर शाम अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक व्यापार मंडल के संरक्षक राजेश्वर रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पुनर्गठन एवं विस्तार कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गई तथा निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में आगामी 9 जून को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के जन्मदिवस के अवसर पर नगर के कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी विचार–विमर्श किया गया। साथ ही केसरीगंज इकाई के गठन का प्रस्ताव भी रखा गया। पुनर्गठन के दौरान संरक्षक मंडल में मिसबाहुद्दीन अंसारी, पुत्तन कपूर, इकरामुल हसन एवं राजेश्वर रस्तोगी को मनोनीत किया गया। सर्वसम्मति से रियाज अहमद बबलू को पुनः नगर अध्यक्ष तथा हरीश रस्तोगी (गोलू भैया) को महामंत्री चुना गया। विशाल कपूर को उप महामंत्री एवं ओमकार



जायसवाल को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद पर जावेद अंसारी, निहाल कुरैशी, हाशिम अंसारी, दीपक रस्तोगी एवं सियाराम जायसवाल को जिम्मेदारी दी गई। वहीं मुस्तकीम अंसारी, सरोज कुमार जायसवाल एवं रजीउद्दीन (रज्जू) को ऑडिटर नियुक्त किया गया। संगठन मंत्री के रूप में उस्मान खान, शरीफ, सगीर अहमद तथा रफीउद्दीन मिंटू मंसूरी को चुना गया। संयुक्त मंत्री पद पर शीलू शुक्ला, मोहम्मद रेहान चांद, जितिन चौरसिया एवं मोहम्मद रियाज अंसारी को जिम्मेदारी दी गई। प्रचार मंत्री के रूप में मोहम्मद लुकमान, सलीम अंसारी, अजमत एवं मोहम्मद आसिफ को मनोनीत किया गया। बैठक में पत्रकार आकाश सिंह को पुनः मीडिया प्रभारी तथा मौलाना सिराज खान को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। जिस पर सभी ने सहमति जताते हुए तालियां बजाकर स्वागत किया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आमिर चौधरी, मोहम्मद ताहिर, अबरार, शमसुल हसन, शोएब, अजीत रस्तोगी, असद गौरी, आशिक अली, मोनिस अंसारी को शामिल किया गया इसके अतिरिक्त 11 नाम शेष रखे गए जिन्हें आगामी बैठक में जोड़ने का निर्णय लिया गया । बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू व महामंत्री हरीश रस्तोगी गोलू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए सीतापुर जनपद के नगर अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी ने भी सभी पदाधिकारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज की रीढ़ होती है जिस पर आम जनमानस निर्भर होता है और व्यापारी अपने ग्राहकों के हर सुख–दुख में खड़े रहते हैं। उन्होंने व्यापारी हितों तथा संगठन की मजबूती के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए संगठन के विस्तार पर बल दिया।

# जून माह में चलेगा विशेष अभियान, वंचित स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। परियोजना अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 1 जून 2026 से 30 जून 2026 तक एक माह का विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को योजना से जोड़कर उन्हें विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान को तीन स्तरों पर संचालित किया जाएगा। जनपदस्तर पर ष्वनिधि महोत्सवष का आयोजन होगा, जिसमें स्ट्रीट वेंडर्स एवं उनके परिवारों की सफलता की कहानियों और उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ–साथ योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। नगर निकाय स्तर पर ष्लोक कल्याण मेलोंष का आयोजन किया जाएगा, जहां ऋण एवं क्रेडिट कार्ड सुविधा, डिजिटल सशक्तिकरण, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने, बैंकर्स और स्ट्रीट वेंडर्स की बैठकें आयोजित करने सहित आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं सेंसेस टाउन स्तर पर ष्वनिधि कैंपष लगाए जाएंगे, जिनमें स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने और लाभान्वित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य पीएम स्वनिधि योजना की उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को सामने लाना, बैंकों, जनपद प्रशासन एवं मुख्य डिजिटल पार्टनर्स जैसे सभी हितधारकों के साथ समन्वय को मजबूत करना, डिजिटल .षि समावेशन और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा योजना की पहुंच का विस्तार करना है। इसके साथ ही ऐसे स्ट्रीट वेंडर्स तक पहुंच बनाना भी लक्ष्य है जो अभी तक इस योजना का लाभ नहीं ले सके हैं। विशेष अभियान के दौरान लंबित ऋण का वितरण, कल्याणकारी योजनाओं से स्ट्रीट वेंडर्स को जोड़ना, नए ऋण आवेदनों को प्रोत्साहित करना, स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत छूटे हुए वेंडर्स एवं उनके परिवारों की प्रोफाइलिंग तथा विभिन्न योजनाओं से लिंक करना भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा द्वितीय ऋण पूरा कर चुके वेंडर्स के लिए क्रेडिट कार्ड आवेदन कराए जाएंगे तथा कार्ड प्राप्त लाभार्थियों को उसके उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के लिए संबंधित अधिशासी अधिकारियों तथा सेंसेस टाउन रतनपुरा, दोहरीघाट एवं मोहम्मदाबाद गोहना के लिए खण्ड विकास अधिकारी को इस विशेष अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया है। परियोजना अधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि ऐसे सभी फुटपाथ विक्रेता, जो अभी तक पीएम स्वनिधि योजना के लाभ से वंचित हैं वे 1 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित विशेष अभियान के दौरान अपने संबंधित नगर निकाय अथवा चयनित सेंसेस टाउन में पहुंच कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएम व सीडीओ ने मेडिकल कालेज में किया पौधरोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून से 21 जून के मध्य, प्रदेश में समेकित जन–कल्याण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत आज सामाजिक वानिकी वन प्रभाग द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महर्षि विश्वामित्र स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद ने पौधरोपण किया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आज लगाया गया एक पौधा कल हमारे बच्चों को स्वच्छ हवा देगा। उन्होने जनपद के सभी नागरिकों से अपील किया कि वे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और लगाए गए पौधों की देखभाल भी करें। मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद ने कहा कि, मिशन लाइफ के तहत हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। जल बचाना, प्लास्टिक का कम उपयोग और वृक्षारोपण इसी का हिस्सा हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे पौधरोपण अभियान में जनसहभागिता जरूरी है। प्रभागीय निदेशक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में 5 करोड़ पौध रोपण हेतु आह्वान किया गया है। उन्होने बताया कि जनपद गाजीपुर में 7.06 लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके क्रम में जनपद गाजीपुर में वन विभाग को 68,000, ग्राम्य विकास विभाग को 4,28,000, उद्यान विभाग को 71,000, पंचायती राज विभाग को 29,000, .षि विभाग को 1,07,000 एवं नगर विकास को 3000 पौधरोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जनपद गाजीपुर के सभी विभागों द्वारा बढ़–चढ़कर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम किया किया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।



# प्रसव के बाद महिला की मौत, निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

## - शव रखकर परिजनों का हंगामा, जांच के बाद कार्रवाई का पुलिस ने दिया आश्वासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद 25 वर्षीय महिला की मौत हो जाने से परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के भिंड जनपद निवासी पूनम पांडे को 2 जून को फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र स्थित दिव्यांशी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 4 जून की दोपहर उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के कुछ समय बाद ही महिला की तबीयत बिगड़ने लगी थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकीय स्टाफ ने स्थिति की गंभीरता को नजरअंदाज किया। परिजनों का कहना है कि महिला की हालत खराब होने पर उन्होंने कई बार डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों को अवगत कराया तथा उचित उपचार की मांग की, लेकिन समय रहते आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि हालत अधिक गंभीर होने पर अस्पताल प्रशासन ने रात करीब नौ बजे महिला को दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार उपचार में हुई देरी के कारण रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजन शव को लेकर वापस अस्पताल पहुंचे और अस्पताल के मुख्य द्वार पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। देर रात तक चले हंगामे के दौरान अस्पताल का कोई जिम्मेदार अधि



कारी अथवा चिकित्सक सामने नहीं आया, जिससे परिजनों का आक्रोश और बढ़ गया। सूचना पर फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। परिजनों ने दोषी चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# डलमऊ में चला वृहद वृक्षारोपण अभियान

## – एक पेड़ मां के नाम का दिया गया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो/डलमऊ, रायबरेली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को डलमऊ क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण



संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। डलमऊ विकासखंड परिसर में एडीओ पंचायत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंकज रावत ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। वहीं तहसील परिसर में तहसीलदार मंजरी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पेड़–पौधे मानव जीवन के आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाना होगा। उधर वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधों के संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वन दरोगा अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया।

# सीएम योगी का जन्मदिन अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। तहसील मिश्रिख में अधिवक्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एक–दूसरे को लड्डू खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।



मुख्यमंत्री के दीर्घायु स्वास्थ एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रदेश को आगे भी उनका कुशल नेतृत्व मिलता रहेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता बृजलाल चौधरी, सुधीर शुक्ल राना, अकरम खान, सौरभ सक्सेना, नरेंद्र प्रताप सिंह, भाष्कर पाण्डेय, गौरव वाजपेयी, प्रेम प्रकाश राजवंशी, पुष्पेंद्र गुप्ता, सत्यप्रकाश अर्कवंशी, गोविंद प्रसाद राजवंशी, अजय पाण्डेय, जय प्रकाश शुक्ल, सूरज शुक्ल, सोनू कुमार, अमित कुमार सहित अनेक अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षामित्र उत्थान समिति ने कार्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। टेट उत्तीर्ण शिक्षामित्र उत्थान समिति उ.प्र. के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय कार्यकम के क्रम में जनपद में प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के जन्मदिवस तथा विश्व पर्यावरण के दिवस के अवसर पर बीएसए कार्यालय में बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल तथा प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह द्वारा संगठन की तरफ से दो पेड़ एक धरती माँ के नाम तथा एक पेड़ जन्मदात्री मां के नाम लगाए गए मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर बधाई देने के लिए ट्वीटर अभियान भी चलाया गया। गुड्डू सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस प्रकार से टेट पास शिक्षामित्र पेड़ पौधे लगाकर धरती को हरा भरा कर रहे हैं उसी प्रकार टेट पास शिक्षामित्रों का नियमितीकरण करके उनके परिवारों में हरियाली भरने का कार्य करें। कार्यक्रम में बीएसए गोरखनाथ पटेल, प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह, ऑफिस बाबू सुजीत सिंह संगठन के जिला महामंत्री राजेश कुमार यादव, मीडिया प्रभारी बीपी मौर्य, मुकेश कुमार, रामचंद्र सहित अन्य टेट पास शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जॉच)

हमारे यहाँ पर आंखों की जॉच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, ऑखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रामलबाई, धुन्ध, आपरेशन ऑख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा ऑखों की जॉच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व ऑखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। ऑख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कांग्रेसियों ने फार्म हाउस में किया वृक्षारोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर के मोहल्ला ज्योति नगर क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस जनों द्वारा पौधरोपण / वृक्षारोपण किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य हमारी प्र.ति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है, यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण के संरक्षण के लिए शुरू किया गया सबसे बड़ा वार्षिक अभियान है। इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1972 में स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर सम्मेलन में की गई थी, इसके बाद 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसका



मुख्य नारा एकमात्र पृथ्वी था, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा संचालित होता है, भारत सहित दुनिया भर के 150 से अधिक देश इसमें हिस्सा लेते हैं इस दिन का मुख्य महत्व यह है कि यह हमें याद दिलाता है कि पेड़–पौधे, शुद्ध हवा और साफ पानी जीवन के लिए कितने आवश्यक हैं। हर साल एक नया देश आधिकारिक तौर पर इस आयोजन का वैश्विक मेजबान बनता है। हर साल पर्यावरण से जुड़ी एक विशेष और ज्वलंत समस्या जैसे प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण, या इकोसिस्टम बहाली को थीम के रूप में चुना जाता है ताकि पूरी दुनिया उसी दिशा में ठोस कदम उठाए, इस दिन को केवल एक आयोजन तक सीमित न रखकर, आम जीवन में छोटे–छोटे बदलाव करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है, नदियों से बालू का खनन पर पूरी तरह रोक लगाना चाहिए, पहाड़ों एवं पेड़ों की कटान पर रोक लगनी चाहिए, अधिक से अधिक वृक्षारोपण प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना, पानी को व्यर्थ न बहाएं और बिजली बचाने के लिए सौर ऊर्जा जैसे विकल्पों को अपनाए, कचरे को रीसायकल करना और जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीसीसी सदस्य आदिशक्ति दीक्षित, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी, युवा कांग्रेस विधानसभा प्रभारी ईशू फैज खान, कांग्रेस नेता आरिफ निजामी, लालबाबू राजपूत, सेवालाल वर्मा आदि ने उपस्थित रहकर वृक्षारोपण किया।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल से बिखरने से बचे चार परिवार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान–5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र (नई किरण) में चार परिवारों के बीच आपसी विवादों का सफल समाधान कर उन्हें पुनः एक सूत्र में बांधा गया। पुलिस की इस पहल से चार परिवारों को टूटने से बचाया जा सका। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र में सुनवाई आयोजित की गई।



इस दौरान दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक समझाया गया तथा आपसी संवाद और सहमति के आधार पर विवादों का निस्तारण कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलिंग प्रक्रिया के बाद शालू–विशाल, सीमा बाथम–आकाश, विजेता–पवन तथा पिंकी–गगन के मध्य सुलह–समझौता कराया गया। इसके बाद सभी परिवारों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने की सहमति जताई। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी प्रीति सेंगर, उप निरीक्षक आकांक्षा सिंह, उप निरीक्षक बृजेंद्र बहादुर सिंह, काउंसलर चित्रा परिहार, काउंसलर नमिता तिवारी सहित महिला पुलिसकर्मी एवं परिवार परामर्श केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे। इटावा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि पारिवारिक विवादों को संवाद, समझदारी और आपसी विश्वास के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें। मजबूत परिवार ही सुरक्षित और सशक्त समाज की नींव होते हैं।

# नगर वन में जन-जागरूकता गोष्ठी व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा नगर वन में जन–जागरूकता गोष्ठी, नेचर ट्रेल, वृक्षारोपण एवं वृक्ष भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र–छात्राओं स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय नागरिकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने पीपल, पाकड़ एवं बरगद के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सामाजिक वानिकी के प्रभागीय निदेशक विकास नायक ने नगर वन की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी स्थापना वर्ष 2022 में की गई थी तथा अब तक यहां लगभग 2.20 लाख पौधों का रोपण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नगर वन जनपद के ग्रीन लंग के रूप में कार्य कर रहा है, जहां लगभग पांच किलोमीटर लंबा नेचर ट्रेल विकसित किया गया है। यह स्थल जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण शिक्षा एवं प्र.ति पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। जिलाधिकारी सुधांशु कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक है जब लगाए गए पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि विभिन्न वृक्षारोपण अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में जनपद इटावा में 8127 एकड़ वनावरण की वृद्धि दर्ज की गई, जो कुल क्षेत्रफल का लगभग 1.423 प्रतिशत है। इसके परिणामस्वरूप जनपद का वनावरण 10.47 प्रतिशत से बढ़कर 12.128 प्रतिशत हो गया है। वनावरण वृद्धि के क्षेत्र में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करना जनपदवासियों के लिए गौरव का विषय है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में वृक्षारोपण सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल स्वच्छ वायु और जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के संबंध में जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, प्रशिक्षु आईएफएस कोमल पनिया, अपर जिलाधिकारी विपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश बहादुर, उप प्रभागीय वनाधिकारी अंशुमान मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 05 से 21 जून तक होंगे समेकित जनकल्याण व जन जागरूकता अभियान

## - डीएम ने ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम पर आयोजित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान विषयक समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अभियान के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अभियान अवधि के दौरान विकास खंड, ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले शिविरों में पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण कर उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, .षि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा रोजगार से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। बैठक में अभियान के दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता



जागरूकता, स्वास्थ्य शिविर, लाभार्थी संपर्क अभियान, खेलकूद एवं सांस्.तिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों का आयोजन पूरी पारदर्शिता एवं जनसहभागिता के साथ किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियो एवं विकास खण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 8 जून से 14 जून, 2026 तक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को स्वयं पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाए एवं मलिन बस्तियों में संवाद तथा सरकार आपके द्वार स्वरूप में जन–समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाय। शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का होगा आयोजन 05 जून से 21 जून, 2026 के मध्य दिनांक 12 जून, 2026 को विकास खण्ड सैदपुर के ग्राम पंचायत ईशोपुर में रात्रि चौपाल कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। दिनांक 11 जून, से 14 जून, 2026 के मध्य मीडिया सम्बोधन एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेगा। दिनांक 14, 15 एवं 16 को समस्त विकासखण्डो में त्रि–दिवसीय जन–कल्याण मेले का आयोजन किया जायेगा। जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा लाभार्थियों की सफलता की कहानियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। दिनांक 16 जून, 17 जून, 2026 को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 18, 19 जून, एवं 20 जून, 2026 को जनपद मुख्यालय पर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदर्शनी का अयोजन किया जायेगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बैठक में बताया गया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं, महिलाओं, एनसीसी, पुलिस, स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, आलोक प्रसाद, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, सहित जनपद के समस्त अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें।

# खानकाहे मझगवा शरीफ में उमड़ा आस्था का सैलाब

## - उर्स पर कारी इस्लाम व मौलाना मोइनुद्दीन को मिला उमराह का टिकट

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। मशहूर सूफी संत सुलतान सैय्यद आरिफ अली शाह के सालाना उर्स के मुकद्दस मौके पर ऐतिहासिक खानकाहे मझगवा शरीफ में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दरगाह शरीफ पर चादरपोशी और गुलपोशी के बाद मुल्क में अमन–चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी गईं। इसी रूहानी और पुरअसर माहौल के बीच उस समय पूरी महफिल में खुशी की लहर दौड़ गई, जब क्षेत्र की दो अजीम मजहबी शख्सियात को अल्लाह के घर (खाना–ए–काबा) की जियारत का नायाब तोहफा दिया गया। खानकाहे मझगवा शरीफ के सज्जादा नशीन सैय्यद आतिफ अली शाह ने अपने मुबारक हाथों से कारी इस्लाम आरफी साहब और मौलाना मोइनुद्दीन कादरी साहब को रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स की जानिब से बतौर तोहफा उमराह का हवाई टिकट (एयर टिकट) पेश किया। इस बेहद भावुक और पाकीजा पल के दौरान पूरी खानकाह नारा–ए–तकबीर और या रसूलल्लाह के नारों से गूंज उठी। सज्जादा नशीन ने दोनों शख्सियात को दुआओं से नवाजा और उम्मीद जताई कि उनका



यह सफर बेहद कामयाब और मकबूल होगा। जुलाई 2026 में दिल्ली से रवाना होगा जत्था। इस मौके पर मौजूद रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स के प्रोपराइटर और प्रमुख समाजसेवी हाजी अशफाक गौरी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि खिदमत–ए–खल्क (जनसेवा) और बुजुर्गों के आस्ताने से अकीदत रखना ही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी जुलाई 2026 में रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स की तरफ से उमराह जायरीन का एक बड़ा और विशेष जत्था देश की राजधानी नई दिल्ली से सीधे सऊदी अरब के जेद्दाह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरेगा। हाजी अशफाक गौरी ने बताया कि इस जत्थे में शामिल होने वाले सभी जायरीन के रहने, खाने–पीने और मक्का व मदीना शरीफ में जियारत के लिए विश्वस्तरीय और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी भी जायरीन को सफर के दौरान कोई तकलीफ न हो। इलाके की नामचीन हस्तियों और अकीदतमंदों की रही गरिमामयी मौजूदगी इस रूहानी और ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए कस्बे और दूर–दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और उर्स के जायरीन मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिरकत करने वालों में हाजी डॉ. रजी अहमद, इरफान गौरी उर्फ गुड्डू, मोहम्मद शादाब अली, सूफियान गौरी, शिबू कुरैशी, और रईस अंसारी' शामिल रहे। इसके साथ ही, कस्बे के मशहूर युवा शायर इलयास चिश्ती ने अपनी शानदार शायरी के जरिए महफिल में समां बांधा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आबिद अली अंसारी और फरीद अहमद सहित तमाम युवाओं और वरिष्ठ समाजसेवियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कारी इस्लाम आरफी साहब और मौलाना मोइनुद्दीन कादरी साहब को उमराह का टिकट मिलने पर समूचे खीरी क्षेत्र के उलेमा, दानिशमंदों और आम आवाम ने रय्यान टूर एंड ट्रेवल्स के इस नेक और सराहनीय कदम की जमकर प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि मजहबी खिदमतगारों को इस तरह का सम्मान देना समाज के लिए एक बेहतरीन मिसाल है। कार्यक्रम के अंत में मुल्क की तरक्की, कौमी एकता और आपसी सौहार्द के लिए विशेष दुआ की गई, जिसके बाद तबर्रुक (प्रसाद) का वितरण किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए पौधे

## - जिले में 7 लाख से अधिक पौधारोपण का संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शुक्रवार को शहर के राठ रोड स्थित सरस्वती शिशु शिक्षा निकेतन हाईस्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल पन्त मन्नु कोरी ने एक पेड़ मॉ के नाम 3.0 के तहत पीपल के पौध का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वृक्षोरोपण कार्यक्रम दौरान अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर में पीपल, पाकड़, नीम, चकरेसिया, महोगनी, गोल्ड मोहर, आम, अमरूद, महुआ के कुल 50 पौधों का रोपण किया साथ ही जिले में सात लाख पौधे लगाए जाने का संकल्प लिया। इस मौके पर डीएम व एसपी ने मुख्य अतिथि को भेट स्वरुप पौधे दिए। कार्यक्रम दौरान राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 13 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के लिए 5 लाख पौधारोपण का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिकों से वृक्षारोपण की अपील करते हुए प्र.ति को हरा भरा किये जाने के लिए प्रेरित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान को समयबद्ध एवं गरिमामय ढंग से क्रियान्वित करने के लिए जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत वन एवं वन्य जीव विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, .षि विभाग, उद्यान विभाग तथा नगर विकास विभाग की सहभागिता से जिले के समस्त





विकासखंडों तथा नगर निकायों के साथ साथ समस्त ग्राम पंचायतों में कुल 702000 पौधरोपण किया जा रहा है। पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम दौरान सदर विधायक राकेश गोस्वामी, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, प्रभागीय वनाधिकारी देबाषीश जेना, उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिह आदि ने एक पेड़ मां के नाम एक एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी राजू श्रीवास, क्षेत्रीय वनाधिकारी श्रीराम निरंजन, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि लोग मौजूद रहे।

# कथित धर्मातरण की सूचना पर पुलिस का छापा

## - एक दर्जन से अधिक लोग हिरासत में

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला थोक में कथित धर्मांतरण



गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर लग भग एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। मांमला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जबकि पुलिस पूरे प्रकरण की गहन जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला थोक निवासी महेंद्र यादव के मकान में किराए पर रह रहा एक व्यक्ति प्रार्थना सभा का संचालन कर रहा था। उसने अपना नाम सुरेंद्र पुत्र शंकर सिंह निवासी बारीवाल आमान विहार बताया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह पिछले लग भग 10 वर्षों से मिश्रिख में रहकर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं बीमार लोगों को प्रार्थना सभा के नाम पर अपने संपर्क में लाता था। किराएदार की पत्नी ने आरोप लगाया कि उसने कई बार मकान खाली करने के लिए कहा, लेकिन किराएदार द्वारा मकान खाली नहीं किया गया। इसी बीच राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से बाइबिल तथा मिठाई बरामद किए जाने की बात कही है। वहीं प्रार्थना सभा में मौजूद लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूंछताछ की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रार्थना सभा में मिश्रिख नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी काफी संख्या में लोग मौजूद थे। मांमले की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने और साक्ष्यों के परीक्षण के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उनके आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। छापेमारी के दौरान सीओ ब्रजेश कुमार, कोतवाल प्रदीप सिंह, कस्बा इंचार्ज गुड्डू जोशी, क्राइम इंस्पेक्टर श्याम दास सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बीडीओ ने किया वृक्षारोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बलहा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खंड बलहा की ग्राम पंचायत नरायनपुर कला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने वृक्षारोपण किया। साथ ही उन्होंने विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर पौधरोपण कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, प्रदूषण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने, सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने, जल संरक्षण और स्वच्छता अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, बीओपीआरडी अजय कुमार गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी शाहिद अली एवं प्रधान प्रतिनिधि नसीम अहमद खां की सहभागिता रही।

# चोरी के मुकदमे में दो अभियुक्त गिरफ्तार, पायल व नकदी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। थाना कोतवाली नानपारा पुलिस ने चोरी के एक मामले में दो अभियुक्तों को गिरतार कर उनके कब्जे से 01 सफेद धातु की पायल व 5100 रुपये नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार 27 मई को भोपतपुर बेलवा निवासी अमित कुमार श्रीवास्तव ने पत्नी के जेवरात व नकदी चोरी होने की सूचना दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। 4 जून की रात मुखबिर की सूचना पर हाड़ा बसहरी नहर के पास से मन्टू उर्फ राम सूरत और राफे अली को गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायालय भेज दिया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 8.58 लाख पौधों का वृहद वृक्षारोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा एक साथ 8 लाख 58 हजार पौधों का वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस महाअभियान के तहत आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में एक साथ सामूहिक रूप से 8,58,000 पौधों का रोपण विभिन्न विभागों द्वारा किया गया। वन एवं वन्य जीव विभाग 64000 पौधे ग्राम्य विकास विभाग 532000 पौधे पंचायती राज विभाग 35000 पौधे .षि विभाग 1,33,000 पौधे उद्यान विभाग 88,000 पौधे नगर विकास विभाग 6,000 पौधे शेष पौधों का रोपण अन्य विभागों द्वारा किया गया। सभी विभागों द्वारा रोपित पौधों को आच्छादित कर संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा। रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने वृक्षारोपण कर जनजीवन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन संस्.ति में एक वृक्ष को दस पुत्रों के समान माना गया है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र लगातार



बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार ने कमिश्नरी परिसर में अशोक का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने मंडल के सभी जनपदों के लोगों से ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान के तहत पौधरोपण करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने भी वृक्षारोपण कर जनपदवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय तथा प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार ने भी वृक्षारोपण कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा वृक्षों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल यादव, अंतरराष्ट्रीय शूटर रामेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सक्सेना सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनपद में लगाए गए पौधों के संरक्षण हेतु सभी विभागों द्वारा विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे पौधों की बेहतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके और बांदा को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल जनपद बनाने के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

# एसएसबी नानपारा ने वृहद वृक्षारोपण अभियान का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, नानपारा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) नानपारा द्वारा एक वृहद महा–वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान वाहिनी मुख्यालय सहित सभी अधीनस्थ सीमा चौकियों पर 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना और एक हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण में समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। वाहिनी मुख्यालय, नानपारा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अधिकारियों, जवानों और श्संदीक्षाश की सदस्याओं ने पूरे उत्साह के साथ पौधरोपण किया।



इस अवसर पर वृक्षों के महत्व, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु संतुलन और स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता पर सारगर्भित चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने केवल पौधे लगाने का ही नहीं, बल्कि रोपे गए पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का .ढ़ संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार की श्स्पथ्म्श (स्पमिजलसमवित म्दअपतवदउमदज) पहल के उद्देश्यों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए विशेष जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बल के अधिकारियों एवं जवानों ने स्थानीय नागरिकों तथा स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने, प्रा.तिक संसाधनों का संरक्षण करने और पर्यावरण–अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। अधीनस्थ सीमा चौकियों पर भी जवानों ने स्थानीय ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से सघन वृक्षारोपण किया। सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पौधे रोपे गए, जिसमें पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सामुदायिक सहभागिता पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला ने अपने संबोधन में कहा, ष्पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हम में से प्रत्येक नागरिक की सर्वोच्च नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है।ष उन्होंने सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्र.ति को सहेजने का आह्वान किया। यह महा–अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ, बल्कि इसके माध्यम से सशस्त्र सीमा बल और सीमावर्ती नागरिकों के मध्य आपसी विश्वास, सहयोग और जन–सहभागिता का रिश्ता भी और अधिक प्रगाढ़ हुआ है।

# परेड में पुलिस बल की फिटनेस व अनुशासन पर विशेष जोर

### – कानून–व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए बलवा ड्रिल का कराया अभ्यास

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों की शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को मजबूत बनाए रखने के लिए दौड़ तथा विभिन्न प्रकार के व्यायाम कराए गए। साथ ही अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान यूपी–112 पीआरवी वाहनों की भी जांच की गई। वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट एड किट तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की स्थिति का परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को उपकरणों की नियमित साफ–सफाई, रखरखाव एवं प्रभावी संचालन के निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस लाइन स्थित मेस का निरीक्षण कर साफ–सफाई, भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कर्मचारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं एमटी शाखा तथा फायर सर्विस कार्यालय का निरीक्षण कर वाहनों की स्थिति, अभिलेखों और आवश्यक उपकरणों की जांच की गई तथा सभी वाहनों को सदैव क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रण, आपात परिस्थितियों से निपटने तथा सुरक्षा उपायों के संबंध में प्रशिक्षण एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। परेड के उपरांत पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच की गई। साथ ही पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम आयोजित कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण व पर्यटन का नया मश्डल बना रपड़ी ईको टूरिज्म

### - 3.47 करोड़ की लागत से संवर रही नई पहचान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद, लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फिरोजाबाद का रपड़ी ईको टूरिज्म क्षेत्र पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। कभी एक साधारण प्रा.तिक स्थल रहा रपड़ी, आज पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन का एक सफल वैश्विक मॉडल बनकर उभर रहा है। यहाँ के प्रा.तिक स्वरूप को बिना कोई नुकसान पहुँचाए, पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय और पर्यावरण–अनुकूल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी क्रम में राज्य सरकार यहाँ 3.47 करोड़ की एक नई विकास परियोजना पर तेजी से काम कर रही है। प्र.ति के अनुरूप विकास पर सरकार का जोररू जयवीर सिंह उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्.ति मंत्री जयवीर सिंह ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि रपड़ी राज्य में संरक्षण आधारित पर्यटन विकास का एक उभरता हुआ उदाहरण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ऐसा मॉडल विकसित कर रहा है, जहाँ पर्यटन का विकास पर्यावरण संरक्षण को कमजोर नहीं, बल्कि और मजबूत करता है। उन्होंने आगे कहा कि यहाँ कम प्रभाव वाले आधारभूत ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और प्र.ति आधारित गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। यह परियोजना साबित करती है कि विकास अगर प्र.ति को ध्यान में रखकर किया जाए, तो संरक्षण और पर्यटन दोनों साथ–साथ आगे बढ़ सकते हैं। 3.47 करोड़ से क्या कुछ बदलेगा रपड़ी में? वर्तमान में रपड़ी में नेचर ट्रेल, व्यूइंग प्वाइंट और सौर ऊर्जा आधारित व्यवस्थाएं पहले से मौजूद हैं। अब चल रहे नए चरण के तहत निम्नलिखित आधुनिक और पर्यावरण–अनुकूल सुविधाएं जोड़ी जा रही हैंरू नेचर लर्निंग जोन व इंटरप्रिटेशन सेंटररू बच्चों और परिवारों को प्र.ति से जोड़ने के लिए आधुनिक इंटरप्रिटेशन सेंटर और लर्निंग जोन बनेगा। मौजूदा समर हट को ही इस केंद्र के रूप में बदला जा रहा है, जहाँ लोग स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी ले सकेंगे। वन्यजीवों की वास्तविक आ.तियां (त्मचसपबें)रू जैव विविधता से रूबरू कराने के लिए पार्क में मगरमच्छ, डॉल्फिन, कछुआ, लकड़बग्घा और भारतीय अजगर जैसे वन्यजीवों की वास्तविक आकार की जीवंत प्रति.तियां स्थापित की जा रही हैं। इको–फ्रेंडली इन्फ्रास्ट्रक्चररू पूरे परिसर में सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम (सौर ऊर्जा), बेहतर पाथवे, नया भव्य



प्रवेश द्वार, बलुआ पत्थर (सैंडस्टोन) से बने बैठने के स्थान और आकर्षक लैंडस्केपिंग का निर्माण किया जा रहा है। ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की बड़ी सोच का परिणाम रपड़ी का यह कायाकल्प उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की उस व्यापक सोच का हिस्सा है, जिसकी स्थापना वर्ष 2022 में की गई थी। इसके तहत पर्यटन को सिर्फ घूमने–फिरने तक सीमित न रखकर पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति जागरूकता का माध्यम बनाया जा रहा है। जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना हमारा मुख्य उद्देश्यरू अमृत अभिजात पर्यटन, संस्.ति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमृत अभिजात ने बताया कि, ष्रपड़ी यह दिखाता है कि किसी प्रा.तिक स्थल का विकास उसकी पारिस्थितिक (म्बवसवहपबंस) पहचान को सुरक्षित रखते हुए भी किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य केवल निर्माण करना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार पर्यटन स्थल विकसित करना है जो नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूती दें। उत्तर प्रदेश के अन्य ईको–टूरिज्म स्थलों पर भी इसी मॉडल को लागू किया जा रहा है।ष रपड़ी ईको टूरिज्म का यह नया रूप न केवल फिरोजाबाद को पर्यटन मानचित्र पर नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्र.ति के करीब लाने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस लाइन में हुआ पौधरोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाइन/साइबर एवं प्रतिसार निरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के महत्व के संबंध में उपस्थित पुलिसकर्मियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण को कम करने तथा भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी पुलिस कर्मियों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत ब्लॉक परिसर में हुआ वृक्षारोपण

### – गिरीशचंद्र शुक्ला, अधिकारियों व पत्रकारों ने रोपे पीपल, बरगद व पकड़िया के पौधे

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खंड शुकुल बाजार परिसर में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही गत वर्ष लगाए गए पौधों का निरीक्षण कर उनकी देखभाल एवं संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। वृक्षारोपण में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं क्षेत्र के लोकप्रिय नेता गिरीश चंद्र शुक्ला,एडीओ पंचायत अशोक कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, युवा पत्रकार दीपक पाठक सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए पीपल, बरगद एवं पकड़िया जैसे पर्यावरण की .ष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण प्रा.तिक संतुलन प्रभावित हो रहा है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्ष लगाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं। एडीओ पंचायत अशोक कुमार ने कहा कि शासन द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण अभियानों को जनसहभागिता से ही सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से वृक्षारोपण को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। वहीं उपस्थित पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पौधों की नियमित देखभाल पर बल दिया।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लिया।

# दिखावा नहीं, सिर्फ सेवा, सीएमएस डॉ. परितोष ने बाटे शीतल पेय

### – बिना प्रचार वार्डो में पहुंचे सीएमएस, मरीजों को बांटा शीतल पेय और दुलार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आसमान से बरसती आग और भीषण गर्मी के बीच जहां आम जनजीवन बेहाल है, वहीं जिला अस्पताल से मानवता को सुकून देने वाली एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परितोष शुक्ला ने चिलचिलाती धूप से राहत दिलाने के लिए अस्पताल के वार्डों में भर्ती लगभग 100 से अधिक मरीजों और उनके तीमारदारों को ठंडे पानी की बोतलें, शीतल पेय और ग्लूकोज के बिस्कुट



वितरित किए। आमतौर पर ऐसे आयोजनों में कैमरों और मीडिया की भारी मौजूदगी रहती है, लेकिन डॉ. परितोष शुक्ला ने इस तथाकथित प्रचार संस्.ति से पूरी तरह दूरी बनाए रखी और किसी वीआईपी की तरह नहीं, बल्कि एक सच्चे सेवक की तरह खुद वार्डों में पहुंचे। इस दौरान सामने आईं कुछ तस्वीरों में वह बीमार बच्चों और बुजुर्गों को बेहद भावुक होकर दुलारते और उनका हाल–चाल लेते नजर आ रहे हैं। जब इस संबंध में उनसे फोन पर बात की गई, तो उन्होंने बड़े ही सादगी भरे शब्दों में कहा कि मरीजों की सेवा ही एक डॉक्टर का असली कर्म और धर्म है, और अगर इस सेवा में भी दिखावा शामिल हो जाए तो वह उचित नहीं है, क्योंकि कर्तव्य ही हमारा सबसे बड़ा धन है। अस्पताल से जुड़े लोग बताते हैं कि डॉ. शुक्ला अक्सर बिना किसी शोर–शराबे के मजबूर, असहाय और गरीब पीड़ितों की गुप्त रूप से आर्थिक सहायता भी करते रहते हैं। उनका मकसद किसी समाचार पत्र या टीवी चौनल पर सुर्खियां बटोरना बिल्कुल नहीं है, बल्कि वह ष्सेवा परमो धमर्रूष के सिद्धांत को असल जिंदगी में जीते हैं। इस भीषण गर्मी में डॉ. परितोष शुक्ला का यह संवेदनशील और निस्वार्थ रूप वाकई पूरे समाज के लिए एक महान प्रेरणा है, जो यह भरोसा दिलाता है कि इंसानियत आज भी जिंदा है।

# हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ईद-ए-ग़दीर का त्योहार

लखनऊ। मुश्किल कुशा शेरे खुदा हज़रत अली मुर्तुज़ा की याद मे आज पूरे देश मे ईद–ए–ग़दीर का त्योहार बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया



गया। मौला–ए–कायनात हज़रत अली अ0स0 को आज ही के दिन हज़रत मोहम्मद मुस्तुफा सलल्लाहु अलैहि वसल्लम ने विलायत का एलान किया था। इस मुबारक दिन को ईद–ए–ग़दीर के नाम से मनाया जाता है। ईद–ए–ग़दीर के मुबारक त्योहार को आज शिया समुदाय के लोगो ने बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर लखनऊ मे सबसे बड़ी नमाज़ का एहतिमाम काज़मैन स्थित मस्जिदे कूफा मे किया गया। ईद–ए–ग़दीर की विशेष नमाज़ यहां इफ्तिखरूल मिल्लत मौलाना अबु इफ्तिखार जैदी ने पढ़ाई। ईद–ए–ग़दीर की नमाज का एहतिमाम दरगाह हज़रत अब्बास मे भी किया गया यहां मौलाना जाफर अब्बास ने नमाज़ अदा कराई। इसके अलावा शहर मे सौ से ज़्यादा मस्जिदो मे ईद–ए–ग़दीर की विशेष नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआए भी अल्लाह से मांगी गई। नमाज़ के अलावा मस्जिदो मे आमाल का आयोजन भी हुआ। ईद–ए–ग़दीर के मुबारक मौके पर घरो मे नज़रे मौला का आयोजन किया गया और खुशिया मनाई गई। हज़रत अली की याद मे मनाए जाने वाले इस त्योहार के मौके पर यू तो पूरे देश मे खुशिया मनाई गई लेकिन नवाबो के शहर लखनऊ मे इस त्योहार को कुछ ज़्यादा ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। ईद–ए–ग़दीर के मौके पर घरो मे लज़ीज़ व्यंजन पकाए गए और आने वाले मेहमानो के सामने परोस कर एक दूसरे को ईद–ए–ग़दीर की मुबारकबाद पेश की गई। इस अवसर पर गरीबो का विशेष ध्यान रखा गया। ईद–ए–ग़दीर के मुबारक मौके पर इमाम बाड़ो और मस्जिदो को खूबसूरत तरीके से सजाया गया और हज़रत अली अ0स0 के चाहने वालो ने नए लिबास पहन कर खुशिया मनाई। मान्यता है कि आज के दिन हज से लौटते समय ग़दीर के मौदान मे हज़रत मोहम्मद सलल्लाहु अलैहि वसल्लम मोहम्मद साहब ने हज यात्रियो को रोका था जो आगे निकल गए थे उन्हे वापस बुलाया गया जो पीछे रह गए थे उनका इन्तिज़ार किया गया था सब के इकटठा होने के बाद मोहम्मद साहब ने हज़रत अली की विलायत का एलान करते हुए कहा था मन कुन्तो मौला फहाज़ा अली उन मौला यानि जिस जिस का मै मौला उस उस का अली मौला। जब से लेकर आज तक ईद–ए–ग़दीर के त्योहार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। शब–ए–ग़दीर को मौला अली की शान मे महफिलो का आयोजन भी होता है जो लगातार जारी रहता है। ईद–ए–ग़दीर की नमाज़ और आमाल के बाद अग़द–ए–उकूवत का आयोजन भी किया जाता है अग़द–ए–उकूवत मे एक दूसरे का हाथ पकड़ कर अल्लाह से दुआ मांगी जाती है कि अल्लाह हम सब को एक दूसरे की मदद करने वाला बना दे और अग़द–ए–उकूवत के समय प्रण लिया जाता है कि हम सब मिल कर इन्सानियत को बढ़ावा देंगे एक दूसरे की मदद करेगे एक दूसरे के काम आएगे। ईद–ए–ग़दीर के त्योहार को शान्ती पूर्ण माहौल मे सम्पन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नर ने भी सुरक्षा के पुख्ता इन्तिज़ाम किए थे। ईद–ए–ग़दीर को सकुशल शान्ती पूर्ण माहौल मे सम्पन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नर पुराने लखनऊ पुलिस फ़ोर्स के साथ मुस्तैद नज़र आए ईद–ए–ग़दीर के मौके पर पुराने लखनऊ मे सबीलो का आयोजन किया इस अवसर पर विक्टोरिया स्टेट ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड द्वारा भंडारा लगाया गया सबीलो पर तरह तरह के पकवान और मिठाईयो का वितरण किया गया। मौलाना एस रिजवान हैदर आले गुफरानमाब ने रईस मंज़िल की शाही मस्जिद में अमल –ए–ईद–ए–गदर की नमाज़ पढ़ाई। बड़ी संख्या में मोमिनों ने हिस्सा लिया। अंजुमन–ए–घुंचाई मेहदिया के मोमिनों ने नज़र का इंतज़ाम किया।

# पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, हर दिन का है संकल्प : सुन्दरम कुमार

न्यूज वाणी ब्यूरो



बक्सर, बिहार। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पूरे देश और दुनिया में मनाया जाता है, लेकिन समाजसेवी सुन्दरम कुमार ने इसे केवल एक दिन का आयोजन मानने से इनकार करते हुए कहा कि "पर्यावरण कोई त्योहार नहीं, बल्कि जीवन का आधार है जिसे हर दिन समझना और निभाना जरूरी है।"उन्होंने कहा कि प्र.ति हमें हवा, पानी, भोजन और जीवन के सभी संसाधन निःस्वार्थ रूप से देती है, इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि हम प्र.ति को उसका हक लौटाएँ। सुन्दरम कुमार ने जोर देकर कहा कि पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि पेड़ों को बचाना और उनका संरक्षण करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा"हम प्र.ति का ऋण कभी चुका नहीं सकते, लेकिन पेड़ लगाकर हम उसकी सेवा जरूर कर सकते हैं।" सुन्दरम कुमार ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की और कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े और पुराने पेड़ों को काटने से रोकना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनका नारा है "जन–जन का नारा है, पेड़ लगाना हैय जीवन बचाना है, धरती को सजाना है।" सुन्दरम कुमार ने अंत में कहा कि यदि आज हम प्र.ति को नहीं बचाएँगे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन कठिन हो जाएगा, इसलिए पर्यावरण संरक्षण को रोज का कर्तव्य बनाना होगा, न कि सिर्फ 5 जून का कार्यक्रम।

# बिजली संकट व स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन

### – राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सस्ती व निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दरों तथा स्मार्ट मीटर की कथित अनियमितताओं के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने किया। जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच जिले की जनता बिजली संकट से जूझ रही है। बार–बार बिजली आपूर्ति बाधित होने और अघोषित कटौती से आम नागरिकों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता देश की सबसे महंगी बिजली दरें चुकाने के बावजूद पर्याप्त और निर्बाध बिजली नहीं प्राप्त कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था में सुधार के बड़े–बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। गांवों और शहरों में घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा उद्योग, व्यापार, .षि और शिक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। संजीव शाक्य ने कहा कि बाराबंकी में बिजली न होने के कारण सड़क किनारे सो रहे एक परिवार के चार लोगों की मौत की घटना बेहद दुखद है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और न्याय दिलाने की मांग की। आम आदमी पार्टी ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेशभर से गलत रीडिंग, फर्जी बिलिंग और बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इससे लाखों उपभोक्ता आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती बंद करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली दरों में वृद्धि पर रोक लगाने, स्मार्ट मीटर और फर्जी बिलिंग की निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रदेशवासियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान इकरार अहमद, अश्वनी राठौर, अंकुर शाक्य, सत्य नारायण दोहरे, दीपक, गुलशन सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ओमैक्स मेट्रो सिटी में हुआ वृहद पौधारोपण, आमजन की सहभागिता के साथ 10 हजार पौधरोपण का संकल्प

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ओमैक्स मेट्रो सिटी में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया. इस मौके पर 10 हजार पेड़–पौधे लगाने का संकल्प भी लिया गया जो चरणबद्ध तरीके से लगाए जाएंगे। पहले चरण में विविध प्रजातियों के पांच हजार पौधे रोपित किए गए. 690 एकड़ में फैली यह ओमैक्स मेट्रो सिटी टाउनशिप शहर के तेजी से विकसित हो रहे इलाकों में शामिल है। इस अभियान के जरिए पर्यावरण को बेहतर बनाने और लोगों को हरियाली के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ओमैक्स ने आमजन से भी पर्यावरण दिवस के अवसर पर साइट में आकर पौधरोपण की अपील की। बड़ी संख्या में लोगों ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कंपनी की ओर से कहा गया है कि जो भी लोग इस अभियान में शामिल



होकर पौधे लगाएंगे, उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ओमैक्स की टीम करेगी। कंपनी का कहना है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से यह अभियान और प्रभावी बनेगा। ओमैक्स के एमडी श्री मोहित गोयल . ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन देती है। ऐसे में अब समय आ गया है कि हम प्रकृति को जीवन दें। पृथ्वी को बचाना विकल्प नहीं बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। आज हम सभी संकल्प करें कि हम हर छोटे कदम से पर्यावरण को हरा–भरा और स्वच्छ बनाएंगे। ओमैक्स के बिजनेस हेड अंजनी कुमार पण्डेय ने कहा कि पौधे लगाना सिर्फ एक दिन का काम नहीं है बल्कि आने वाले समय के लिए जरूरी जिम्मेदारी भी है। इसी सोच के साथ यह अभियान आयोजित किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ें और शहर को हराभरा बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। ओमैक्स मेट्रो सिटी में द नेस्ट, कासिया और हाईस्ट्रीट जैसे प्रोजेक्ट लोगों के बीच काफी पसंद किए जा रहे हैं। आउटर रिंग रोड के पास स्थित द नेस्ट बेहतर लोकेशन और सुविधाओं की वजह से खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आने वाले समय में यहां कई और नए प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाने की योजना है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नानौता में चेयरमैन रूमाना अफजाल खान के निर्देश अनुसार असपा नेता चेयरमैन अफजाल खान द्वारा सभासद शाहिद खान उर्फ कालू सभासद



राजपाल सिंह सभासद पति सादिक सेफी मौलाना असद मुख्य लिपिक प्रदीप कुमार आदि ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस अवसर पर चेयरमैन अफजाल खान ने पेड़ लगाकर न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखने का संकल्प लिया गया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और हरित वातावरण सुनिश्चित करने का भी संदेश दिया गया। इस मौके पर समस्त नगर पंचायत कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# दस छात्रों का सेना में चयन, विद्यालय में सम्मान

## – सेना में चयनित अभ्यर्थियों को दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा, फतेहपुर। मलवां विकास खंड के रेवाड़ी बुजुर्ग स्थित देवी दयाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को गर्व और उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय में अध्ययनरत रहे 10 छात्रों का भारतीय सेना के विभिन्न अंगों में चयन होने पर भव्य बधाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया



गया। विद्यालय प्रबंधक परशुराम वर्मा और युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने चयनित अभ्यर्थियों को माला पहनाकर, मुंह मीठा कराकर स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। भारतीय वायु सेना ष्वेता यादव, आशीष यादव, आदित्य सिंह, थल सेना अभिषेक यादव, संदीप यादव, अजय सिंह, नरेंद्र यादव, नीतेश सिंह, आदित्य सिंह, जल सेना आयुष कुशवाहा चयन हुआ है। प्रबंधक परशुराम वर्मा ने कहा कि विद्यालय के छात्र–छात्राएं देश सेवा के लिए आगे बढ़ रहे हैं, यह गर्व की बात है। उन्होंने सभी चयनित युवाओं से सेवा भावना के साथ राष्ट्र के लिए समर्पित होकर काम करने का आह्वान किया। युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का सेना में चयन क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। अनुशासन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अभिभावकों और विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत रंग लाई है। समारोह में शिवराज सिंह, सुधाकर तिवारी, आकाश तिवारी, अवध नारायण, शिवकरन, सारिका समेत विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# लापता युवक की हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर, बिजनौर। कोतवाली क्षेत्र के गांव पाडली मांडू से लापता हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरतार कर घटना का खुलासा किया है। आरोपियों की निशानदेही पर युवक का शव और पहचान संबंधी दस्तावेज भी बरामद कर लिए गए हैं। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार गांव निवासी शुभम कई दिनों से लापता था। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि मृतक और आरोपी पक्ष के बीच लंबे समय से व्यक्तिगत विवाद चला आ रहा था, जिसे लेकर दोनों पक्षों में पहले भी कहासुनी हो चुकी थी। जांच में पता चला कि घटना वाले दिन शुभम घर से बाहर गया था, जिसके बाद आरोपियों ने उसे रास्ते में रोक लिया। इसके बाद उसकी हत्या कर शव को गांव से बाहर सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया। पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसके पास मौजूद दस्तावेज भी अलग स्थान पर छिपा दिए गए थे। पुलिस ने गिरतार दोनों आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है तथा फरार आरोपी की गिरतारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश और व्यक्तिगत विवाद हत्या की वजह के रूप में सामने आया है। मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं - MECH-ONF-BEMCO-HRE-AMC-26** **दिनांकः 03.06.2026**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (ओ.& एफ.)/उ.म.रेलवे प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल निविदा निर्धारित प्रपत्र में BEMCO Hydraulics Limited के OEM / अधिकृत डीलर से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है- निविदा का विवरण इस प्रकार हैः-

**निविदा सूचना सं. : MECH-ONF-BEMCO-HRE-AMC-26**

**कार्य का नाम :** Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of BEMCO make 03 Set Hydraulic Re-railing Equipment (HRE Set) in Prayagraj division for duration of 03 years under SSE/Loco/PRYJ

**कार्य का अनुमानित लागत (रू. में) जीएसटी सहित :** 80,88,850.00

**धरोहर राशि (रू. में) :** 0.00 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) :** 0.00

**कार्य की अवधि :** 36 माह | **निविदा खुलने की दिनांक : 24.06.2026 15:30 बजे**

**नोटः- 1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 24.06.2026 को 15:00 बजे तक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी। निविदाकर्ताओं को अपनी ई-टेंडर केवल इसी वेबसाइट पर जमा करनी होगी। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नही की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडर्स को चाहिए कि वे अपने आपको आईटी एक्ट-2000 के अर्न्तगत सीसीए द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **7.** माल और जीएसटी सेवाओं के आपूर्तिकर्ता को समय-समय पर लागू जीएसटी अधिनियम और नियमों के अधीन लिया जाएगा। (रेलवे बोर्ड पत्र सं.- 2016/AC-II/1/6 दिनांक-12 मई 2017 के अनुसार)। **1262/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



न्यूज़ वाणी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488


# सीएम योगी का शिक्षामित्रों ने मनाया जन्मदिन

## – ताम्बेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को बांटे फल व मिष्ठान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संगठन के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया। जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने सिद्धपीठ बाबा ताम्बेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। शिक्षामित्रों ने राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के बीच फल एवं मिष्ठान वितरित कर जन्मदिवस की खुशियां साझा कीं। जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व



में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार की सबका साथ, सबका विकास की नीति के तहत समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों के हितों को लेकर भी सरकार सकारात्मक कदम उठा रही है और भविष्य में भी संगठन को सरकार से बड़ी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल एवं दीर्घ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष मीनू सिंह, जिला संयुक्त मंत्री ओम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष असोथर अखिलेश गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष मलवां विशाल शुक्ला, छोटेलाल पटेल, अमित पाण्डेय, अन्नपूर्णा, मनोज यादव, अतर सिंह, योगेश पटेल, अनुभव तिवारी, महेंद्र उत्तम, सरस्वती देवी सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# रामपुर थरियांव गांव में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## – एसपी व विभाकर शास्त्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

## – 513 मरीजों ने कराया पंजीयन, 110 मरीजों को मिले चश्मे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर



लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से संस्था जन कल्याण महासमिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हसवा विकास खंड के ग्राम रामपुर थरियांव में किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज शास्त्री एवं कंसल्टेंट निशीत ने भी हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि द्वारा कैंप में आए हुए ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि पर्यावरण दिवस के साथ मानवीय सेवा का जो संगम यहां दिखाई दे रहा है इससे अच्छी समाजसेवा हो ही नहीं सकती जिससे बुजुर्गों और माताओं बहनों को ग्राम स्तर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। कैंप में 513 पंजीकरण हुए। जिसमें शुगर, हीमोग्लोबिन, बीपी, आंख, कान, 128 एचआईवी, सिफलिश की जांच की गई जिसमें 01 एचआईवी रिएक्टिव एवं फिजिशियन द्वारा आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श देते हुए दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। 225 नेत्र रोगियों को की जांच के उपरांत 110 निःशुल्क चश्मा वितरण भी किया गया और जिनको मोतियाबिंद या अन्य समस्याओं हेतु जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जिनके कान में समस्या थी उनको 50 कान की मशीन भी प्रदान की गई। जन कल्याण महासमिति के सचिव बीपी पाण्डेय ने बताया कि सच्ची समाज सेवा स्वास्थ्य सेवा ही है जिसमें ऐसे बुजुर्गों एवं महिलाओं की सेवा का अवसर मिल जाता है जिनको अस्पताल तक ले जाने वाला कोई नहीं है उनको घर पर सेवा देने का कार्य हमारी संस्था कर रही है। इस अवसर पर शिविर के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता धनंजय द्विवेदी, नीटू मिश्रा, डॉ आदित्य पाण्डेय, किशन पांडेय, विनय सिंह, कमल लोधी, बृजेश द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत कर गांव में शिविर आयोजन हेतु धन्यवाद दिया गया। मुख्य अतिथि ने पांच देव वृक्ष पीपल, बरगद, पाकर, आम भी रोपित किए। इस अवसर पर डॉ रतिक गुप्ता, डॉ मंतसा, डॉ आदित्य कुमार, डॉ पवन त्रिपाठी, सौरभ सिंह, फार्मासिस्ट, नगमा, रियांका सिंह, श्रेया स्टाफ नर्स, आदर्श मिश्रा, माया देवी, रवींद्र कुमार, राघवेंद्र उपस्थित रहे।

# पौधरोपण के साथ जल संरक्षण का दिया संदेश

## – रेडक्रास सोसाइटी ने कंपोजिट विद्यालय बक्सपुर में रोपे पौधे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी एवं आरोग्य भारती के तत्वावधान तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में कम्पोजिट विद्यालय बक्सपुर में पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण प्रमुख कानपुर प्रांत आरोग्य भारती, चेयरमैन एवं इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। विद्यालय परिसर में अमरूद, जामुन, शीशम, अशोक, गुड़हल, कनेर सहित कुल 11 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें पांच औषधीय पौधे भी शामिल रहे। लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी उपस्थित लोगों को सौंपी



गई। पौधरोपण के उपरांत डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ अभियान एवं पॉलिथीन मुक्त समाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट के बीच जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इसकी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जल संरक्षण संबंधी निवेदन पत्रक वितरित किए गए तथा जल के अनावश्यक दुरुपयोग से बचने का संकल्प दिलाया गया। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है केवल एक नारा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। कार्यक्रम में वार्ड संख्या–12 के सभासद अरुण यादव, वार्ड संख्या–3 के सभासद पवन द्विवेदी, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार श्रीवास्तव, चौतन्य कुमार, प्रबंध समिति सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव सहित मिथलेश, अजय गुप्ता, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, राकेश विष्वकर्मा, श्यामू सिंह, नरेश गुप्ता एवं संजय कुमार समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का प्रभावी संदेश जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# क्षत्रिय महासभा की धाता ब्लाक कार्यकारिणी घोषित

## – सुनील अध्यक्ष व सुरेश सिंह बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धाता ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन कुशमा ग्राम सभा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुशमा ग्राम प्रधान मनमोहन सिंह ने किया। कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय सिंह गौर जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागेन्द्र सिंह चौहान मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज रहे। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर एवं मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज नागेन्द्र सिंह चौहान का फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग कार्यक्रम में उपस्थित हैं सभी लोग पदों पर सर्वसम्मति से आपसी सामंजस्य बनाते हुए संगठन में समर्पण की भावना से सर्व समाज के हितार्थ समाजसेवा का भाव रखते हैं। सभी लोग अपनी स्वेच्छा से खड़े होकर पद का प्रस्ताव रखें। संगठन के सभी निर्धारित पदों पर बारी बारी से सभी पदों पर सर्वसम्मति से धाता ब्लॉक के कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सुनील कुमार सिंह अध्यक्ष, सुरेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कप्तान सिंह उपाध्यक्ष, धनंजय सिंह संगठन मंत्री, अरविन्द सिंह संयुक्त मंत्री, दीनदयाल सिंह प्रचार मंत्री, कुलदीप सिंह प्रचार मंत्री, रंजीत सिंह अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, अतुल सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा



प्रकोष्ठ, सुधीर सिंह, अजीत सिंह, भानु प्रताप सिंह, आशीष सिंह भदौरिया सभी उपाध्यक्ष पद पर, धर्मेन्द्र सिंह महामंत्री युवा, प्रभाकर सिंह संगठन मंत्री युवा, अक्षय सिंह संगठन मंत्री युवा, अनूप सिंह व शुभम सिंह संयुक्त मंत्री युवा, देवा सिंह व महेन्द्र सिंह प्रचार मंत्री युवा, पवन सिंह कोषाध्यक्ष, जयवीर सिंह मीडिया प्रभारी राहुल सिंह सह मीडिया प्रभारी आदि पदों पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर एवं मण्डल उपाध्यक्ष प्रयागराज नागेन्द्र सिंह चौहान ने सम्मानित किया। संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अमित सिंह परिहार ने किया।

# नई स्कॉर्पियो से और तेज होगी यूपी-112 की रफ्तार

## – एसपी ने वाहनों को दिखाई हरी झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून–व्यवस्था को और अधिक सु.दृ बनाने व आपातकालीन पुलिस सहायता को त्वरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए यूपी–112 सेवा को छह नई



स्कॉर्पियो चार पहिया वाहन उपलब्ध कराए गए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नए वाहनों की तैनाती थाना कोतवाली, मलवां, हुसैनगंज, खागा, चांदपुर तथा जाफरगंज थाना क्षेत्रों में की जाएगी। इन वाहनों के संचालन से आपात स्थितियों में पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम में कमी आएगी और आमजन को समयबद्ध एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यूपी–112 की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से उपलब्ध कराए गए ये वाहन अपराध नियंत्रण, कानून–व्यवस्था बनाए रखने तथा जनता में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन प्रगति यादव, प्रभारी यूपी–112 राम केवल पटेल सहित यूपी–112 से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने वाहनों के बेहतर रखरखाव, सुरक्षित संचालन एवं प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। नई स्कॉर्पियो वाहनों के बेड़े में शामिल होने से यूपी–112 सेवा की दक्षता में वृद्धि होने के साथ ही जनपदवासियों को त्वरित पुलिस सहायता का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से मिल सकेगा।

# आरोपी के परिवारीजन मुकदमें में सुलह का बना रहे दबाव

## – पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर जान–माल सुरक्षा की लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी के परिवारीजनों द्वारा मुकदमें में सुलह का दबाव बनाए जाने से आहत पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर जान–माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। हुसैनगंज



थाना क्षेत्र के ग्राम छौका निवासी आरती देवी पत्नी सुंदर लोधी (काल्पनिक नाम) ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि छह मार्च 2026 को उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को थरियांव थाना क्षेत्र के बड़ी टेकसरिया निवासी रोशन पुत्र महीपत घुमाने का झांसा देकर भगा ले गया था। रोशन के कहने पर ही पुत्री घर में रखे नगदी व जेवरात भी अपने साथ ले गई थी। सात मार्च को उसने थाने में तहरीर दी और मुकदमा पंजीकृत कराया। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र के बाद पुलिस हरकत में आई और नाटकीय ढंग से पुत्री को बरामद करते हुए 164 के बयान व मेडिकल परीक्षण कराकर बेटी को उसके सुपुर्द कर दिया। आरोपी रोशन को पुलिस पकड़ने में नाकाम है। जिसके चलते आरोपी रोशन के परिवारीजन उस पर मुकदमें में सुलह का लगातार दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे प्रकरण की जांच की जिम्मेदारी जिनके कंधो पर दी गई है वह भी आरोपी को पकड़ने के बजाए उस पर ही सुलह–समझौते का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई कि आरोपी को गिरतार करते हुए परिवार की जान–माल की सुरक्षा की जाए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर | फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान

जाफ़री चश्में वाले

थोक व फुटकर चश्में

39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस

करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने

(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)

कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।

नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।

कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में

सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620

प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक–राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज़ वाणी

# दहेज हत्या के मामले में दोषी महिलाओं को उम्रकैद की सजा

## – 65 हजार का जुर्माना, 11 साल बाद पीड़ित परिवार को मिला इंसाफ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दहेज के लिए विवाहिता की मौत के ग्यारह वर्ष पुराने चर्चित मामले में आखिरकार न्याय का फैसला आ गया। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दो दोषी महिलाओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए कुल 65 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। बताते चलें कि कल्यानपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2015 में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या का मामला प्रकाश में आया था। 27 मई 2015 को पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाने में मुकदमा संख्या 96/15 धारा 498ए, 304बी, 302, 34 भारतीय दंड संहिता एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजी.त किया गया था। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में इस मुकदमे की लगातार मॉनिटरिंग की गई। स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल तथा एडीजीसी अजय कुमार सिंह द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए साक्ष्यों को मजबूती से प्रस्तुत किया गया। शुक्रवार को एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या–02 ने सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्ता सुमन शुक्ला पत्नी दिनेश शुक्ला निवासी साईं मौहार को धारा 498ए, 304बी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत तथा बिटोला पांडेय पत्नी पुत्तन पांडेय निवासी ग्राम सौंह को वैकल्पिक धारा 302 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही सुमन शुक्ला पर 15 हजार रुपये तथा बिटोला पांडेय पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में दोषियों को सजा दिलाने में मॉनिटरिंग सेल, विवेचक, पैरोकार, कोर्ट मुहर्रिर तथा अभियोजन पक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए भविष्य में भी इसी तरह प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सर्पदंश से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू कस्बा के नगर पंचायत में शौंच क्रिया कर घर वापस आ रही 38 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत निवासी सुरेश की पत्नी सरोजा देवी शौचक्रिया के लिए गयी थी। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उसे उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान महिला में दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके में पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्रियां छोड़ गयी है।

# कुएं में गिरकर किशोरी की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के मनोहरपुर मजरे गाजीपुर गांव में पैर फिसलने से 17 वर्षीय किशोरी कुएं में गिर गई। इलाज के लिए ले जाते समय किशोरी की मौत हो गई। किशोरी की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मनोहरपुर मजरे गाजीपुर गांव निवासी बुद्धराज निषाद की 17 वर्षीय पुत्री अनुभव देवी गांव में घर के पास लगे नल से पानी लेकर पास में ही स्थित कुएं के चबूतरे में स्नान कर रही थी। इस दौरान किशोरी नल से पानी भरकर कुएं के चबूतरे में पहुंची की अचानक उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने से किशोरी कुएं में गिर गई। किशोरी के गिरते ही आस पड़ोस में मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई। थोड़ी देर बाद परिजनों ने आनन–फानन में किशोरी को कुएं से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान किशोरी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हालांकि परिजनों किशोरी को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। जहां पर तैनात चिकित्सको ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। थोड़ी देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मामले में किशनपुर प्रभारी निरीक्षक बच्चेलाल प्रसाद ने बताया कि मौखिक सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# अचेत राजमिस्त्री की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौक स्थित निर्माणाधीन मकान बनाने के दौरान शुक्रवार की दोपहर अचानक मिस्त्री गिरकर अचेत हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार सदर कोवातली क्षेत्र के मऊ निवासी सत्यभान का 42 वर्षीय पुत्र अवधेश राजमिस्त्री था। बताते है कि वह मजदूर राज निवासी सिमौर गाजीपुर के साथ चौक निवासी मो0 रेहान निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। बताते कि नीचे वाले कमरे में आचानक अचेत होकर गिर पड़ा इसकी जानकारी जब मजदूर राज को हुयी तो उसने तत्काल मो0 रेहान को बताया कि जिस उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

## - प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री, डीएम व जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

## - 21 जून तक चलेगा जन-जागरुकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले समेकित जन–कल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के मुंशी प्रेमचंद परिसर में किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल, राज्यमंत्री .ष्णा पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर लोगों को अधिकाधिक वृक्षारोपण और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। मुंशी प्रेमचंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अजीत



सिंह पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान पर प्रत्येक नागरिक को एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। वृक्ष पृथ्वी का जीवन आधार हैं और इनके संरक्षण से ही भावी पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित हो सकेगा। राज्यमंत्री .ष्णा पासवान ने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और सांस्.तिक कार्यक्रमों ने पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया है। उन्होंने लोगों से नदियों को स्वच्छ रखने, प्रदूषण रोकने तथा पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल करने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत गौशालाओं से गौवंश अपनाने की योजना की जानकारी भी दी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन के महत्व को पूरी दुनिया ने महसूस किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें हरित पर्यावरण की विरासत दी है और अब हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि 05 जून से 21 जून तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत सभी कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त होंगे तथा जनसहभागिता को विशेष महत्व दिया जाएगा। कार्यक्रम में डायट के प्रशिक्षुओं ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, वाद–विवाद, लघु नाटिका एवं सांस्.तिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। अतिथियों ने प्रशिक्षुओं की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण एवं वृक्षों के संरक्षण–संवर्धन के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, सामाजिक वानिकी विभाग के अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डायट प्राचार्या, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, वन विभाग के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# रोड नहीं तो वोट नहीं के नारों से गूंजा इलाका

## - 35 साल से सड़क बदहाल होने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास के दावों और योजनाओं के बीच सदर तहसील क्षेत्र के आलमपुर नरही गांव की एक सड़क आज भी



उपेक्षा की मार झेल रही है। दौलतपुर से आलमपुर नरही तक लगभग तीन किलोमीटर लंबा मार्ग पिछले करीब 35 वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा है। सड़क की बदहाली से क्षेत्र के लगभग 14 गांवों के हजारों ग्रामीण रोजाना परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं। सड़क की दयनीय स्थिति को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को खुलकर सामने आया। टूटी और गड्ढों से भरी सड़क पर एकत्रित होकर ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के जोरदार नारे लगाए और प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह–जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जो बरसात के दिनों में जलभराव के कारण छोटे तालाब का रूप ले लेते हैं। इससे आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सड़क की उखड़ी हुई सतह, कीचड़ और धूल ने राहगीरों का सफर बेहद कठिन बना दिया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन जाता है। कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। युवा समाजसेवी नितेश ने बताया कि सड़क की बदहाली का असर सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में शादी–विवाह जैसे आयोजनों में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार बाहर के लोग खराब सड़क का हवाला देकर रिश्ते करने से भी इनकार कर देते हैं, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक स्तर पर भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण की मांग करते हुए कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के हजारों लोगों की जरूरत है, न कि केवल एक गांव की समस्या। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो क्षेत्रवासी सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मंदिर की भूमि पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## - एडीएम के निर्देश पर एसडीएम खागा करेंगे जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वा स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर एवं उससे जुड़ी ग्राम समाज की भूमि पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान के संरक्षण में कुछ दबंग तत्व सरकारी भूमि पर मिट्टी भराई कराकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मामले में कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों चंद्र सिंह, मनीष सिंह, मुन्ना सिंह, राम. पाल, राम प्रसाद, राजाराम और प्रेमचंद समेत कई लोगों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव का प्राचीन शीतला माता मंदिर ग्राम समाज की भूमि पर स्थित है और वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। आरोप है कि सुभाष सिंह पुत्र रामस्वरूप एवं जय सिंह



पुत्र सुभाष लगातार मंदिर परिसर से सटी सरकारी भूमि पर मिट्टी डलवाकर उसका स्वरूप बदल रहे हैं तथा अवैध कब्जे की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं और कब्जे का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने क्षेत्रीय लेखपाल की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज किया जा रहा है और मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो मंदिर परिसर और ग्राम समाज की बहुमूल्य सरकारी भूमि पर स्थायी कब्जा हो सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उच्चस्तरीय जांच कराकर अवैध कब्जे को तत्काल रोकने, अतिक्रमण हटवाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही राजस्व विभाग के संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी (राजस्व) विनय पांडेय ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। प्रकरण की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए उपजिलाधिकारी खागा को निर्देशित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, चालक की मौत

## - हादसे में चार यात्री घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। कानपुर से प्रयागराज जा रही रोडवेज बस शुक्रवार की भोर रोड किनारे खड़े ट्रक से जा टकरायी। जिसमें चालक मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं परिचालक समेत तीन अन्य सवारियां चुटहिल हो गयी। जिन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज बाद सभी को छुट्टी दे दी गयी। बस में फंसे चालक के शव को कड़ी मषक्कत के बाद बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लगभग पांच बजे कानपुर से प्रयागराज को जा रही रोडवेज बस जैसे ही मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा मोड़ के पास पहुंची। तभी अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा टकराई जिसमें चालक राणा विजय सिंह पुत्र उदय सिंह निवासी लउवार थाना पट्टी प्रतापगढ की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं परिचालक सुरेन्द्र कुमार पुत्र अमृत लाल निवासी धोबहा थाना हण्डिया प्रयागराज व बस बैठे अन्य तीन सवारी चोटिहिल हो गयी। घटना की सूचना पाते ही मौके में पर पहुची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अल्लीपुर स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां सभी को उपचार के बाद घर जाने की छुट्टी दे दी। उधर पुलिस ने बस में फंसे चालक राणा विजय के शव को कड़ी मषक्कत के बाद बाहर निकाला। पंचनामा भर विच्छेदन गृह भेजा है। बताया जा रहा है कि चालक को अचानक झपकी आ जाने से हादसा हुआ है।

# धाता मंडल की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

## – भाजपा ने शुरू किया 12 साल की उपलब्धियों का अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के खागा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धाता मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को डेंडासई में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 5 जून से 21 जून तक केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पार्टी द्वारा विभिन्न जनजागरण



एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। सरकार की उपलब्धियों और जनविष्वास के पीछे भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूत कार्यशैली का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता निष्ठा, सुचिता और संवेदनशीलता के साथ संगठन को मजबूत बनाने में जुटा हुआ है। विष्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। बैठक में मंडल प्रभारी प्रवीण सिंह ने कहा कि मासिक बैठकों के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की जाती है तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उन्हें शक्ति केंद्रों और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाता है। मंडल अध्यक्ष रामनरायण शुक्ला ने जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि धाता मंडल हमेशा पार्टी के निर्देशों और अभियानों को पूरी निष्ठा के साथ सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी निभाता रहेगा। बैठक में जिला महामंत्री सुशीला मौर्य, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भदौरिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान, जिलामंत्री विमलेश पांडेय, जितेंद्र सिंह, प्रदीप कछवाह, उत्कर्ष जायसवाल, उमाशंकर पटेल, शिवभूषण सिंह, राकेश द्विवेदी, संतोष विश्वकर्मा, अतुल सिंह, फूलचंद्र श्रीवास्तव, सतीश मिश्रा, रामदुलारे पासवान, .ष्ण कुमार द्विवेदी, विवेक सिंह सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहर किनारे हरियाली की मुहिम, 25 किमी में लगेंगे सात हजार पौधे

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिंदकी, फतेहपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर मलवां विकास खंड स्थित कोरसम नहर झाल क्षेत्र में शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। वन विभाग की बिंदकी रेंज द्वारा नहर पटरी के किनारे 25 किलोमीटर क्षेत्र में 7 हजार पौधे रोपित किए जाने का अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेंजर रवींद्र सिंह बिष्ट ने की। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमनजीत सिंह, युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़, भाजपा सेक्टर प्रमुख रजनीकांत अवस्थी एवं रिंकू सिंह ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। रेंजर रवींद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि नहर पटरी के किनारे आकेशिया आर्कुलिस फार्मिस प्रजाति के सात हजार पौधे लगाए जाएंगे। यह पौधा कम पानी में भी तेजी से बढ़ता है तथा मिट्टी के कटाव को रोकने में सहायक होता है। इससे नहर की पटरी मजबूत होगी और क्षेत्र में हरित वातावरण विकसित होगा। युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ–साथ पौधों की सुरक्षा और देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की। शाहजहांपुर ग्राम प्रधान प्रेमशंकर, डिप्टी रेंजर मयंक सिंह पटेल, वन दरोगा रवींद्र कुमार, अंकित वर्मा, श्रुति कीर्ति, आकाश तिवारी, भूपेंद्र, बाबू पांडेय समेत वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )